चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 315, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    शुक्रवार 15 दिसंबर 2023    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बसपा नेता अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में दोषी ठहराए जाने पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बसपा नेता अफजाल अंसारी की गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी ठहराए जाने के गाजीपुर की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट को 30 जून, 2024 तक सुनवाई पूरी कर फैसला देने को कहा।

कोर्ट ने 31 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान अफजाल अंसारी की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि 1993 की एफआईआर में ऐसा कुछ नहीं था जो यह दिखाता हो कि अफजाल अंसारी घटना में शामिल थे और रिकॉर्ड पर भी ऐसा कुछ नहीं है जिससे यह साबित हो कि अफजाल अंसारी ने गवाहों को धमकाने और सबूतों को प्रभावित करने की कोशिश की हो। इतना ही नहीं, ट्रायल कोर्ट से मामले के निपटारे में देरी की गई और जब कोर्ट का फैसला आया तो संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

## दिल्ली दंगा मामले में आरोपित शाहरुख पठान की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली**

दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में आरोपित शाहरुख पठान की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। एडिशनल सेशंस जज अमिताभ रावत ने जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने 09 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान शाहरुख पठान की ओर से पेश वकील खालिद अख्तर ने कहा था कि शाहरुख पठान के मामले में ट्रायल में काफी देर हो रही है और वो पिछले तीन साल नौ महीने से हिरासत में है। इस मामले में अब तक अभियोजन पक्ष के केवल दो गवाहों के ही बयान दर्ज किए गए हैं। इस मामले में एक चार्जशीट और तीन पूरक चार्जशीट दाखिल की गई हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से 90 गवाह हैं।

# कांग्रेस के 9 सांसद समेत 15 विपक्षी सदस्य पूरे सत्र से सस्पेंड

## लोकसभा-राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने संसद सुरक्षा को लेकर सरकार से मांगा जवाब, किया भारी हंगामा



**नई दिल्ली**

संसद की सुरक्षा में एक दिन पहले हुई बड़ी चूक के बाद सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में 15 विपक्षी सांसदों को शेष सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

न्यूज एजेंसी एनआई की रिपोर्ट के मुताबिक सस्पेंड किये गए 14 सांसद लोकसभा से, जबकि एक राज्यसभा से हैं। सस्पेंड किये गए 15 सांसदों में से 9 कांग्रेस के, 2 सीपीएम के, 1 सीपीआई के और 2 डीएमके से और 1 टीएमसी से हैं।

**किस पार्टी के कितने सांसद**

सबसे पहले कांग्रेस के 5 सांसदों को निलंबित किया गया और फिर कांग्रेस, द्रमुक, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कुल 9 सदस्यों को निलंबित किया गया। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद जब दोपहर 2 बजे शुरू हुई तो संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच कांग्रेस के टी एन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को आसन की अवमानना के मामले में शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा। सभा ने ध्वनिमत से जोशी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

**लोकसभा की कार्यवाही स्थगित**

जोशी ने अपने प्रस्ताव में कहा कि आसन की अवमानना करने के लिए इन 5 सदस्यों का नाम आसन की ओर से लिया गया है और इन्हें शेष सत्र के लिए सदन से निलंबित किया जाए। इस दौरान बी महताब आसन पर थे। इसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही फिर से आरंभ होने के बाद जोशी ने कांग्रेस के वीके श्रीकंदन, बेनी बेहनन, मोहम्मद जावेद और मणिकम टैगोर, द्रमुक की कनिमोई, एस आर प्रतिबन, माकपा के एस वेकटनेशन और पी आर नटराजन तथा भाकपा के के. सुब्बारायन के निलंबन का प्रस्ताव रखा। इसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। पीठासीन सभापति महताब ने दूसरी बार में 9 विपक्षी सदस्यों के निलंबन के बाद दोपहर करीब तीन बजकर दो मिनट पर लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**डेरेक ओब्रायन राज्यसभा से सस्पेंड**

संसद पर आतंकी हमले की बरसी के दिन सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर 'अमर्यादित आचरण' करने के लिए तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन को मौजूदा संसद सत्र के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। निलंबन के बाद भी ओब्रायन के सदन में मौजूद रहने के कारण भोजनावकाश के बाद तीन बार कार्यवाही स्थगित की गई। दोपहर ढाई बजे जब सदन की कार्यवाही आरंभ हुई तो सभापति धनखड़ ने इस बात पर आपत्ति जताई कि निलंबन का प्रस्ताव पारित होने के बावजूद ओब्रायन सदन में मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह प्रस्ताव की अवहेलना कर रहे हैं और आसन की अवमानना कर रहे हैं। उनके आचरण ने सदन को पंगु बना दिया है...लोगों पर सदन की कार्यवाही का बोझ पड़ता है। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हम सब बाध्य हैं।' धनखड़ ने ओब्रायन से सदन से बाहर जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, 'चूंकि निलंबित सदस्य सदन से बाहर नहीं गए हैं, इसलिए सदन की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि जब तीन बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होगी तो ओब्रायन आसन के आदेश का पालन करेंगे। हालांकि 3 बजे सदन की बैठक फिर शुरू होने पर भी डेरेक ओब्रायन सदन में मौजूद थे और सभापति ने बैठक चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, ओब्रायन के निलंबन के विरोध और संसद की सुरक्षा में चूक पर चर्चा की विपक्ष की मांग के मुद्दे पर हंगामे की वजह से राज्यसभा की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद दोपहर ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।



अंतरिक्ष विभाग के सचिव और इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन के एक्स अकाउंट पर मुलाकात की तस्वीरें साझा की गई हैं।

## संसद की सुरक्षा में चूक: झारखंड, पश्चिम बंगाल विधानसभा में बदला दर्शकों की इंट्री का नियम

**रांची**

संसद की सुरक्षा में हुई चूक का असर अब राज्यों की विधानसभा में देखने को मिलने लगा है। मामला झारखंड से जुड़ा है जहां आम जन का प्रवेश अब आसान नहीं होगा। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है।

पांच कार्य दिवस वाले इस सत्र को उपयोगी बनाने और शांतिपूर्ण संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक दल के नेताओं के साथ बैठक की, साथ ही बैठक में सुरक्षा को लेकर भी खूब चर्चा हुई। बैठक के बाद जो चीजें सामने आईं उसके मुताबिक बुधवार को संसद में घटित घटना का असर झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी दिखेगा। विधानसभा अध्यक्ष के साथ बैठक में सुरक्षा के सवाल पर हर किसी ने चिंता जताई। अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने भी ये स्पष्ट कर दिया है कि अनावश्यक व्यक्ति विधानसभा परिसर में आने की जरूरत नहीं। दर्शक दीर्घा में साधारण प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

नए नियमों पर विधायक के द्वारा लिखित तौर पर की गई अनुशंसा पर ही उनके सुपरिचित व्यक्ति दर्शक दीर्घा तक पहुंच पाएंगे। मतलब साफ है कि दर्शक दीर्घा में प्रवेश अब आसान नहीं होगा। इस बैठक की खास बात ये रही कि पहली बार नेता प्रतिपक्ष के तौर पर बीजेपी के अमर बाउरी शामिल हुए। हालांकि अमर बाउरी ने ये स्पष्ट कर दिया है कि सदन में जनता के सवालों को लेकर बीजेपी कोई समझौता नहीं करने जा रही है। बढ़ते अपराध से लेकर रोजगार और सरकार के वायदों पर सदन के अंदर उसे घेरने का काम करेंगे।

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर सरकार ने भी तैयारी पूरी कर ली है सीएम हेमंत सोरेन सदन को नेता प्रतिपक्ष मिलने पर खुशी जाहिर करते भी दिखे। वो खुद नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष के साथ भी नजर आए। सीएम हेमंत सोरेन ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता से जुड़े हर सवाल का जवाब देने के लिए सरकार तैयार है। शीतकालीन सत्र से पहले सालों से चली आ रही परिपाटी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष ने बैठक तो कर ली है, पर इस बैठक का सदन के अंदर संभावित हंगामा पर कितना असर पड़ेगा, इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।

**पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंट्री को लेकर सख्त हुए नियम**

उधर, बंगाल विधानसभा स्पीकर विमान बनर्जी ने सचिव स्तर की बैठक के बाद सदन की सुरक्षा और मुस्तैद करने का फैसला लिया है। इस संबंध में नए आदेशों के तहत अब से विधायकों के साथ आने वाले लोगों को अन्य गेट से विधानसभा में प्रवेश करना होगा। हालांकि, विधायक पहले की तरह विधानसभा के दक्षिण गेट से सदन में प्रवेश करना जारी रखेंगे।

इसके अलावा विजिटर्स को अब पहचान पत्र के अलावा तस्वीर खिंचवाकर विधानसभा में प्रवेश करना होगा। इसे अब अनिवार्य कर दिया गया है।

गौरतलब है कि संसद की सुरक्षा में बुधवार को बड़ी चूक सामने आई थी। सदन की कार्यवाही के बीच दो लोग दर्शक दीर्घा से चैंबर में कूद गए थे। इस घटना से एक बार फिर संसद की सुरक्षा का मामला लाइमलाइट में आ गया है। ऐसे में अब खबर है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से झटका, जमानत के लिए दायर पुनर्विचार याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सुप्रीम कोर्ट की ओर से जमानत नहीं देने के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने पुनर्विचार याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 30 अक्टूबर को अपने फैसले में मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मनीष



सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि अगर 6 से 8 महीने में मुकदमा खत्म न हो तो सिसोदिया दोबारा जमानत का आवेदन कर सकते हैं। 25 अप्रैल को सीबीआई ने इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को भी आरोपित बनाया था। पूरक चार्जशीट में मनीष सिसोदिया के अलावा जिन लोगों को आरोपित बनाया गया, उनमें बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल हैं। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव की बेटी के कविता के सीए रह चुके हैं।

## हाईकोर्ट का फैसला : श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटी शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का होगा सर्वे



**मथुरा**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह परिसर के सर्वे को मंजूरी दे दी है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है दूसरी तरफ ईदगाह कमेटी और वक्फ बोर्ड की दलीलों को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने एक तरफ हिंदू पक्ष की याचिका को स्वीकार किया है तो वहीं दूसरी तरफ शाही ईदगाह परिसर के सर्वे करने के विचार को मंजूरी दी है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने इससे पहले 16 नवंबर को संबंधित पक्षों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार दोपहर दो बजे मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस की पोषणीयता और कोर्ट कमिश्नर भेजे जाने संबंधी अर्जी पर अपना फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति मयंक जैन की पीठ ने हिंदू पक्ष की याचिका पर सर्वे को मंजूरी दे दी है।

न्यायिक पीठ कुल 18 सिविल वादों की सुनवाई कर रही है। प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट के तहत वाद की पोषणीयता पर आपत्ति की गई थी। कोर्ट कमिश्नर भेजे जाने संबंधी मंदिर पक्ष की अर्जी पर कोर्ट ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड व शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दिया था जिस पर आज कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सर्वे को मंजूरी दी है। हाईकोर्ट ने आदेश के अनुसार सर्वे कमिश्नर की नियुक्ति की जाएगी जोकि पूरे सर्वे की निगरानी करेगा।

## राजस्थान: बीकानेर में एक परिवार के पांच सदस्यों ने की आत्महत्या

बीकानेर

राजस्थान के बीकानेर जिले में मुक्ता प्रसाद नगर थाना क्षेत्र के अंत्योदय नगर में गुरुवार दोपहर एक परिवार के पांच सदस्यों ने आत्महत्या कर ली। इनमें पति-पत्नी और तीन बच्चे हैं। चार लोगों के शव फंदे पर लटके हुए मिले और एक सदस्य ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर मौत को गले लगाया है।




घटना की जानकारी मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम मौके पर पहुंचीं। फिलहाल सभी शव पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। पता चला है कि परिवार कर्ज के बोझ से दबा हुआ था।

जानकारी यह भी मिली है कि आत्महत्या करने वाले 35 वर्षीय हनुमान सोनी पुत्र गणेश सोनी का परिवार पिछले लगभग पांच वर्ष से अंत्योदय नगर में माताजी के मंदिर के सामने किराये के मकान में रहता था। हनुमान के एक लड़का व दो लडकियां बताई गई हैं। हनुमान के पिता बंगला नगर में रहते हैं।

जानकारी मिली है कि अंत्योदय नगर निवासी 35 वर्षीय हनुमान सोनी ने अपनी पत्नी विमला और तीन बच्चों ऋषि, मोनू और गुड्डू को फंदे पर लटका दिया जबकि खुद ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या की।

## तीस हजारी कोर्ट ने 2016 के एक गैंगरेप के चार आरोपितों को किया बरी

**नई दिल्ली**

दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने 2016 के गैंगरेप मामले के चार आरोपितों को बरी कर दिया है। एडिशनल सेशंस जज राजिंदर सिंह ने कहा कि अभियोजन पक्ष का केस संदेह के दायरे में है और आरोपितों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। मामला 25 जनवरी 2016 का है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पीड़ित महिला एक घर में घरेलू सहायक का काम करती थी। 25 जनवरी को वह अपने मालिक के घर से किसी से मिलने के लिए निकली। उसके बाद एक आरोपित पीड़ित को अपने पश्चिमी दिल्ली स्थित घर ले गया।

आरोपित ने उसके साथ दो बार रेप किया। जिस आरोपित ने पीड़ित को अपने घर ले गया, वहां तीन अन्य आरोपितों ने भी पीड़ित के साथ गैंगरेप किया।

## जनता की खुशहाली से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : योगी आदित्यनाथ

### बोले सीएम योगी – आत्मनिर्भर भारत से ही साकार होगा विकसित भारत का संकल्प

**वाराणसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता की खुशहाली से ही भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा स्थित किसान इंटर कॉलेज में आयोजित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और वहां हो रहे ऑन दि स्पॉट रजिस्ट्रेशन की जानकारी भी ली। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था, मिलता था तो केवल चूरन। योजनाओं में भ्रष्टाचार और बंदरबांट होता था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने खत्म कर दिया। यही मोदी की गारंटी है और इसी संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रदेश की हर ग्राम सभा में किया जा रहा है।

**काशीवासियों का सौभाग्य कि उन्होंने एक विभूति को अपना जनप्रतिनिधि चुना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशीवासियों का सौभाग्य है कि उन्होंने 2014 में एक ऐसी विभूति को अपना जनप्रतिनिधि बनाकर देश की संसद में भेजा जो आज देश के प्रधानमंत्री भी हैं और वैश्विक दुनिया को मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। ये काशी मोदी जी के संकल्पों की काशी है, जहां नये कलेवर में घाट और मंदिरों के सुंदरीकरण का कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

**पीएम ने बदल दी देश की तस्वीर और तकदीर**

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 9 साल में पीएम मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों



बदल दी है। विकास की बड़ी बड़ी परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। आजादी के 75 वर्षों में गरीब कल्याण की योजनाएं पहली बार बिना भेदभाव के मिल रही हैं। देश में सुशासन, सुरक्षा और समृद्धि के माध्यम से विकसित भारत के सपने को साकार करने का जज्बा दिखने लगा है। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि जब जनता लाभान्वित और खुशहाल होती है तो इस खुशहाली से देश भी खुशहाल होता है।

**विकसित भारत के संकल्प को हमें करना है साकार**

मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य यही है कि जो सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं वो अपने अनुभव 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के माध्यम से अभिव्यक्त करें। साथ ही जो लोग योजनाओं से अबतक लाभान्वित नहीं हुए हैं, उनके लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गये हैं, जहां वह योजनाओं के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकें। यहां हाथों हाथ रजिस्ट्रेशन हो रहा है। योजनाओं का लाभ जब जनता को बिना भेदभाव के देने का कार्य होता है, तो उसके पीछे सरकार के संकल्प दिखाई देते हैं। अब हमें भी आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री के पंच प्रण का उल्लेख करते हुए सभी से अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से करने का आह्वान किया।

# मारपीट में घायल मजदूर युवक की इलाज के दौरान मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरा थाना

## तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज



अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के पंवर गांव में जमीनी विवाद के चलते तीन दिन पूर्व एक आदिवासी मजदूर युवक को लाठी डंडे से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया गया था। परिजनों ने इलाज के लिए एसआरएन में भर्ती कराया था। जहा पर बुधवार की शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने परिजनों के साथ गुरूवार की सुबह थाना घेर लिया और कार्रवाई की मांग करने लगे। आक्रोशित भीड़ देख पुलिस के हांथ पांव फूल गए। थाना प्रभारी आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और कार्रवाई का आश्ववासन दिया तब जाकर ग्रामीणों ने थाना का गेट छोड़ा।

पंवर गांव निवासी लालजी आदिवासी 30 पुत्र लालमणि पत्नी और दो बच्चों के साथ मजदूरी कर जीवन यापन करता था। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही राजन कुमार प्रजापति पुत्र हिन्छ लाल प्रजापति से जमीनी विवाद चल रहा था। जिसे लेकर कई बार दोनो पक्ष आमने सामने हो चुके थे। बताया जाता है कि 11दिसंबर दिन सोमवार की दोपहर सुक्खू का पूरा मजरे में आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ लालजी को दारू पीने के लिए बुलाया और शराब पिलाने के बाद राजन कुमार प्रजापति, शंकर लाल बिंद, अजय विश्वकर्मा ने लकड़ी के पटरे से पिटाई कर अधमरा कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे लल्लू पुत्र सरजू और श्याम बाबू को भी पीट दिया जिससे दोनो मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन मरणासन्न अवस्था में लालजी आदिवासी को इलाज के लिए एसआरएन में भर्ती कराया जहां पर बुधवार की शाम मौत हो गई। मौत हो जानें के बाद परिजनों ने शव को घर उठा लाए। इस बीच मौत की खबर सुनते ही रिश्तेदार और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोग कार्यवाई कराने के लिए गुरूवार की सुबह शव को हाइवे पर पर रख जाम करने की योजना बना रहे थे कि इसी बीच पुलिस को भनक लग गई । और पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। इधर जब लोगों को यह भनक लगी कि बगैर शिकायती पत्र लिए शव को पीएम के लिए भेजा तो ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और भारी संख्या में लोगों ने थाने को घेर लिया। आक्रोशित भारी भीड़ को देख पुलिस सकते में आ गई। थाना प्रभारी संजीव चौबे ने आश्वासन देते हुए लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

### साहब ! दलालों ने मंद बुद्धि भाई से मनफाफिक तहरीर दिला घटना ही पलट दिया

पुलिस के आश्वासन के बाद पहुंची भारी भीड़ बाहर बैठ हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज होने की इंतजार करती रही कि इसी बीच कुछ लोग केस दर्ज की कांपी लिए बाहर निकले तो केस दर्ज पेपर को पढ़ चौंक गए। केस दर्ज कांपी बाहर लाने वाला व्यक्ति बोला कि छोटा भाई निरंजन मंद बुद्धि और शराबी है आरोपियों ने दलालों के माध्यम से उसे तीन चार हजार रुपए देकर मनमाफिक तहरीर देकर केस दर्ज करवा दिया। आरोपित है कि पुलिस भी सबकुछ जानते हुए भी तमाशाबीन बनी रही। दिए गए तहरीर में लिखाया गया कि मृतक लालजी अपने साथी के साथ घटना के दिन बाईक से सुक्खू का पूरा गया था और वहां पर तीनों आरोपित लालजी से धक्का मुक्की करने लगे। अपने बचाव के लिए बाईक से भागा और गड्ढे में कूद गई जिससे बुरी तरह घायल हो गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी राजन प्रजापति, अजय विश्वकर्मा, शंकर बिंद के खिलाफ धारा 323,504,304अ, 3( 2)श केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मौत से पत्नी रंजना, बेटा अमित 8वर्ष, बेटी अंजली 5वर्ष का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। बताया जाता है कि लालजी के माता पिता का निधन बचपन में ही हो गया था। अब पत्नी और दो बच्चे का सहारा कोई नहीं है। पुलिस की इस कार्यवाई से परिजनों सहित ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

# लखरावा में संकल्प यात्रा में सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखरावा में गुरुवार को आयोजित संकल्प यात्रा का नेतृत्व कर रहे सचिव संजीव श्रीवास्तव द्वारा सरकार के द्वारा ग्रामीण अंचलों में चलाई जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में सरकार की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि सरकार गरीबों को समान अवसर देकर ऊपर उठाने का काम कर रही है साथ ही गरीबों के लिए कल्याणकारी उज्ज्वला योजना आवास शौचालय सड़क जल जीवन मिशन हर घर जल उपलब्ध कराने आदि सभी प्रकार की सुविधा सरकार ग्रामीण अंचलों में उतार कर गरीब महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का कार्य बहुत तेजी से कराया जा रहा है तथा अन्य सभी प्रभावी योजनाएं गरीबों तक पहुंचाने के लिए सरकार संकल्पित है का संदेश दिया इस अवसर पर प्रधान आशीष कुमार पांडेय रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव सहित गांव के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व महिलाएं उपस्थित रहे।

# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को नम आंखों दी गई श्रद्धांजलि




**प्रतापपुर।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी दादा को करणी सेना के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि देने के लिए मां गायत्री शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज प्रतापपुर मे बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।जिसमें स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर कड़ी नाराजगी जताई गई एवं दोषियों को कठोरतम सजा देने की मांग की गई। उपस्थित लोगों ने गोगामेड़ी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दो मिनट का मौन रखकर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में रूद्र प्रताप सिंह, विपिन प्रताप सिंह, मनोज सिंह आचार्य, योगेश सिंह, दीपक सिंह, स्नेह सिंह, योगेश प्रताप सिंह, प्रवीण सिंह, गौरव सिंह, अनिल सिंह, प्रदीप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# महाविद्यालय प्रबंधक ने शुल्क ना जमा करने पर छात्र को किया बाहर

## मौके पर पहुंची पुलिस

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रारंभ होते ही महावीर कैलाश महाविद्यालय कोषड़ा कला मांडा में आरबीएस महाविद्यालय मेजा, बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कॉलेज चिलबिला का परीक्षा केंद्र बनाया गया जिससे छात्र एवं अभिभावक तथा प्रबंधतंत्र के बीच आपसी शुल्क की लेनदेन का मामला चर्चा में होने के साथ-साथ समाचार पत्रों में प्रकाशित होता रहा है उधर गुरुवार को बीएससी (एजी) पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान फीस बकाया को लेकर आरबीएस महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र को बाहर कर दिया। वहीं छात्र ने अपने भविष्य को संवारने के लिए पुलिस 112 को सूचना देकर परीक्षा देने की गुहार लगाई सूचना पर डायल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिए उक्त निर्देश पर छात्र को परीक्षा में शामिल करते हुए हिदायत दिया गया कि बकाया फीस अति शीघ्र जमा करने की बात कही। वहीं छात्र ने बताया कि बीएससी (एजी) पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा मे सुविधा शुल्क जमा करने पर परीक्षा में शामिल कर दिया था। लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण बकाया फीस जमा करने में असमर्थता जताई। लेकिन गुरुवार को चल रही परीक्षा के दिन मुझे बाहर कर दिया गया। जिससे हमने परीक्षा में शामिल होने के लिए पुलिस से गुहार लगाई।

**अभिभावको ने बताया :** बीएससी एजी में प्रवेश के समय आरबीएस महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा प्रति सेमेस्टर की फीस कम शुल्क में कर लिया गया फिर दूसरे सेमेस्टर से प्रबंधन तंत्र द्वारा मनमानी शुल्क जमा करने के लिए छात्राओं पर दबाव बनाया जाता है जिससे हम अभिभावक गन मनमानी शुल्क जमा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



**वर्जन -**

महावीर कैलाश महाविद्यालय के निदेशक ने बताया कि फीस काफी बकाया होने के कारण बीएससी (एजी) का छात्र को परीक्षा से बाहर कर दिया गया लेकिन जैसे ही मुझे जानकारी हुई तो हमने महाविद्यालय के बाहर जाकर छात्र को ढूढ़ते रहे तब तक छात्र की सूचना पर 112 डायल पुलिस मौके पर पहुँच आई। मामले की जानकारी के बाद उसे परीक्षा में शामिल कराया गया और यह भी उसे फीस जमा करने की आवश्यक निर्देश दिया गया है।

**निदेशक**
**डॉ. रवि शंकर पांडेय**
**महावीर कैलाश महाविद्यालय कोसड़ा कला, मांडा**

**वर्जन -**

आरबीएस महाविद्यालय मेजा के प्रबंधक ने बताया कि बीएससी (एजी) का छात्र दिनेश कुमार ने केवल पांचवी सेमेस्टर की परीक्षा तक छह हजार रुपए ही जमा किया है। वहीं उनका चौवन हजार रुपए बाकी होने का कारण पिता की बीमारी व गरीबी का हवाला देकर उक्त सेमेस्टर की परीक्षा दिला दिया गया लेकिन अभी तक फीस जमा न करके पूर्व सेमेस्टर के प्रवेश पत्र पर पांचवे सेमेस्टर की तीन दे रहा था उक्त जांच के दौरान पड़ने पर बकाया फीस के लिए उसे बाहर निकाला गया है।

**प्रबन्धक**
**आदित्य प्रकाश शुक्ल**
**आरबीएस महाविद्यालय मेजा**

# लेनदेन को लेकर मारपीट पत्नी-बेटी व दामाद को किया लहूलुहान

## जान से मारने की धमकी, कई के खिलाफ शिकायती पत्र

अखंड भारत संदेश



घायल संदीप पटेल

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र के पहलू का पूरा गांव में लेनदेन को लेकर आधा दर्जन से अधिक दबंगो ने घर में घुसकर तीन को लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस तो आरोपी भाग निकले। पहलू का पूरा गांव निवासी राम अभिलाष बुधवार की देर शाम अपने दामाद संदीप पटेल निवासी भनौरी के साथ निमंत्रण से अपने घर वापस आए कि इसी बीच आरोपित शिव शंकर पुत्र कल्लू, जितेंद्र पुत्र शिव शंकर, अमर पुत्र शिव शंकर राजू पुत्र अज्ञात तथा अन्य कई अज्ञात के साथ लाठी डंडे लेकर घर में घुस पिटाई करने लगे जिसमे दामाद संदीप पटेल, बेटी मनोरमा, पत्नी सीता का सिर फट गया। और राम अभिलाष भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस तो आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी जसरा भेजा। गुरूवार की सुबह पीड़ित ने उक्त आरोपियों को नामजद करते शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस मामले की तस्दीक कर रही है।

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल आधा दर्जन नामजद

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई जख्मी हुए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों मामलों में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कालीपुर छाता गांव निवासी पूर्णमासी पुत्र स्वर्गीय राम औतार का आरोप है कि गेंहू बोने को लेकर अनायास पडोसी लाठी डंडा से उसे और उसके पुत्र राजेश और विवेक को मार पीट कर जख्मी कर दिए।तथा जान से मारने की धमकी दी। पूर्णमासी ने मऊआइमा थाने में विजय कुमार,अच्छे लाल, कपिल,अजय उर्फ महाजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासनीय रीता यादव पत्नी सुरेंद्र कुमार का आरोप है कि उसके देवर हमेशा उसे मारते पीटते हैं। आरोप है कि उसकी पुत्री रीया को मार पीट दिए विरोध पर उसे भी पीटा।रीता यादव ने मऊआइमा थाने में महेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार उर्फ बच्चा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

### एकपक्षीय कार्रवाई कर रही है कोतवाली पुलिस

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के बाजार के अंदर नेता नगर में केदारनाथ केशरवानी के बेटों के बीच संपत्ति बंटवारे का विवाद कई वर्षों से चल रहा है बावला अदालत की चौखट तक भी पहुंच चुका है समाज के लोगों ने पंचायत कर दोनों के विवाद को निपटने का पूरा प्रयास किया लेकिन उसके बाद भी विवाद नहीं खत्म हुआ कई बार सड़क पर गाली गलौज धक्का मुक्की मारपीट हो चुकी हैं लेकिन कोतवाली पुलिस एक पक्ष का समर्थन कर मामले को शांत करने के बजाय विवाद बढ़ाने के पक्ष में लगी है पूर्वजों द्वारा अर्जित की गई संपत्ति बंटवारे में भी खुलकर पक्षपात हुआ है एक बेटे की पत्नी को 80 प्रतिशत संपत्ति दान पत्र के रूप में दे दी गई है जबकि दूसरे बेटे को 20 प्रतिशत संपत्ति बंटवारे में दान पत्र के रूप में देने के बाद उस पर पर भी विवाद खड़ा किया जा रहा है शनिवार को उनके बड़े बेटे का पुत्र अंशुल दुकान पर बैठा था इसी बीच छोटा बेटा सुनील कुमार गाली गलौज करने लगा सुनील के गाली गलौज करने पर उनके भतीजे अंशुल ने मना किया यही नोकझोंक शुरू हो गयी हल्की फुल्की मारपीट भी हुई दोनों पक्षों को हल्की-फुल्की चोट आई हैं इतना ही नहीं खुलेआम लाइसेंसी पिस्तौल निकाल कर जान से मारने की धमकी देने की आदत से अंशुल और उनके परिवार के लोग दहशत के साए में जी रहे हैं सड़क पर बेखौफ तरीके से अपनी बड़ी बहू और पोतों को गाली गलौज कर अपमानित किया जा रहा है कई बार तनाव की स्थिति बन चुकी है केदारनाथ द्वारा बेखौफ तरीके से गाली गलौज करने धमकी देने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है लेकिन फिर भी गाली गलौज करने वाले व्यक्ति पर पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है जबकि इस मामले में पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी फरियाद कर चुका है दूसरी बार भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्षेत्राधिकारी से पीड़ित परिवार फरियाद कर चुका है लेकिन थाना पुलिस मुकदमा लिखने को तैयार नहीं है जबकि कई दिन से मुकदमा दर्ज करने के लिए अंशुल की माता किरण देवी थाना पुलिस का चक्कर लगा रही है लेकिन थाना पुलिस ने खबर लिखे जाने तक किरण देवी का मुकदमा नहीं दर्ज किया है मामले को लेकर सोमवार को किरण देवी अपने बेटे के साथ पुलिस अधीक्षक से मिली हैं और उन्हें संपूर्ण प्रकरण की जानकारी दी है लेकिन उसके बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है उसके बाद गुरुवार को फिर किरण देवी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है मौके पर पुलिस अधीक्षक नहीं थे तो क्षेत्राधिकारी से फरियाद की है आश्वासन तो जरूर मिला है लेकिन थाना पुलिस ने अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया है थाना पुलिस के पक्षपात के पीछे क्या कहानी है यह जांच का विषय है।

## न्यूज झरोखा

### रेलवे बोर्ड के सदस्य बनाएं गये राजीव तिवारी



**मेजा।** विकास खंड मेजा के लखनपुर गांव निवासी भाजपा मेजा मंडल महामंत्री राजीव मणिनाथ तिवारी को उत्तर मध्य रेलवे बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया। मनोनयन के बाद समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है। समर्थकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी है ।गौरतलब है कि रेल मंत्रालय भारत सरकार ने भाजपा मेजा मंडल महामंत्री राजीव मणिनाथ तिवारी निवासी लखनपुर को इलाहाबाद मंडल का सदस्य बनाया गया है। नियुक्त पत्र पाए जाने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। मनोनयन के बाद राजीव मणिनाथ तिवारी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस तरह पार्टी ने मुझे नई जिम्मेदारी सौंपी है उस पर पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पप्पू उपाध्याय अनीश मिश्रा, पुष्कर तिवारी, सोनू शुक्ला, विनय शुक्ला सहित आदि लोगों ने बधाई दी।

### प्रदीप पाण्डेय बने रेलवे बोर्ड के सदस्य



**मेजा।** भाजपा मण्डल अध्यक्ष भड़ेवरा प्रदीप पाण्डेय को भारत सरकार रेलवे बोर्ड की ओर से परामर्शदात्री, सलाहकार समिति ने सदस्य नामित किया गया है। जिससे पार्टी कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर व्याप्त है। करछना के अन्तहिया गांव निवासी प्रदीप पाण्डेय भाजपा के लम्बे समय से सक्रिय कार्यकर्ता तथा सामाजिक व्यक्ति हैं। पाण्डेय ने पार्टी के साथ ही रेलवे बोर्ड का आभार व्यक्त करते हुए निष्ठा व जिम्मेदारी से कार्य निर्वहन करने की बात कही।

### हैंडबॉल संघ से पुष्पेंद्र प्रताप सिंह का चयन किया गया



**नैनी।** नैनी राष्ट्रीय स्कूली हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु पुष्पेंद्र प्रताप सिंह का स्कूली उत्तर प्रदेश बालक यू - 14 टीम में आगामी दिनांक 16 दिसंबर 2023 से 21 दिसंबर 2023 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली हैंडबॉल यू -14 बालक प्रतियोगिता हेतु नैनी प्रयागराज हैंडबॉल संघ से पुष्पेंद्र प्रताप सिंह का चयन किया गया है उक्त सूचना प्रदेश सचिव परविंदर सिंह ने जिला हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित को दिया मुक्त प्रतियोगिता हेतु टीम आज दिल्ली के लिए रवाना होगी पुष्पेंद्र के चयन पर प्रयागराज हैंडबॉल संघ के खिलाड़ी राम बहादुर सिंह अतुल सिंह मयंक दीक्षित राजकुमार सिंह ने हार्दिक बधाई दी।

### मांडा बभनी हेठार में सामूहिक विवाह समारोह आज

**मांडा।** ब्लॉक क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्र जोड़ों से आवेदन लिए जा रहे हैं। 15 दिसंबर को मांडा क्षेत्र के बभनी हेठार प्रेमा रिसार्ट गेस्ट हाउस में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। बीडीओ अमित मिश्रा ने बताया कि प्रति जोड़ा 51 हजार रुपये की मदद राशि दी जाएगी। जिसमें 35 हजार खाते में, छह हजार की विवाह तैयारी, शेष पैसे का सामान दिया जाएगा।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

**मेजा।** तीन दिसंबर रविवार को प्रयागराज मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लखनपुर गांव के समीप नंदकिशोर इंटर कॉलेज के सामने महिला को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से राम प्रसाद यादव उम्र 70 पुत्र लालू यादव निवासी गोसौरा कला गम्भीर रूप से घायल हो गए थे और इलाज के दौरान बुधवार को उनकी प्रयागराज के एक अस्पताल में मौत हो गई ।सूचना मिलते ही घर पर रिश्तेदारों तथा ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई ।और घर पर कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह छतवा गंगा घाट पर स्वजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

### करोड़ों की संपत्ति फिर भी मिला अंत्योदय योजना का राशन कार्ड!

**कौशांबी।** पूर्ति विभाग के भी खेल निराले हैं गरीब कमजोर 2 जून रोटी के लिए तरस रहे हैं उन्हें सरकारी अन्य योजना का लाभ नहीं मिल सका है लेकिन करोड़ों की संपत्ति के मालिक को अंत्योदय योजना का कार्ड देकर सरकारी योजना को चपत लगाई जा रही है विभाग का यह खेल बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है गलत लोगों को अंत्योदय योजना का कार्ड दिए जाने के मामले की कई बार अधिकारियों ने जांच कराई लेकिन उसके बाद भी गलत लोगों को चिन्हित कर उनके अंत्योदय कार्ड निरस्त नहीं किए गए हैं नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में करोड़ों कीमत के संपत्तियों के मालिक को अंत्योदय योजना का राशन कार्ड पूर्ति विभाग द्वारा जारी किया गया है जिसके पीछे विभाग का बड़ा खेल उजागर हो रहा है मामले की शिकायत भी हुई लेकिन उसके बाद भी करोड़ों संपत्ति के मालिक का अंत्योदय कार्ड निरस्त कर उस पर हेरा फेरी का मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया है जिससे विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### करोड़ों की संपत्ति फिर भी मिला प्रधानमंत्री आवास!

**कौशांबी।** प्रधानमंत्री आवास योजना में गांव क्षेत्र से लेकर नगर पंचायत नगर पालिका में जमकर धांधली हो रही है योजना के पात्र गरीब कमजोर जरूरतमंद लोग एक आदत प्रधानमंत्री आवास के लिए तरस रहे हैं लेकिन विभागीय सेटिंग के चलते अमीरों को आसानी से प्रधानमंत्री आवास मिल रहा है जिले में तमाम ऐसे परिवार हैं जिनके पास करोड़ों की अचल संपत्तियां हैं लेकिन उन्हें आसानी से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर दिया गया है इतना ही नहीं बार-बार जांच कराए जाने के बाद करोड़ की संपत्ति के मालिकों को पात्र बताते हुए उन्हें प्रधानमंत्री आवास निर्माण की रकम विभाग द्वारा अवमुक्त कर दी गई है जिससे पूरे योजना पर सवाल खड़े हो गए हैं नगर पालिका मंझनपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में करोड़ो संपत्ति के मालिकों को प्रधानमंत्री आवास दिए गए हैं जो बड़ी जांच का विषय है।

### नशे में धुत बाइक सवार युवक ने एक अन्य बाइक में जोरदार टक्कर मार, तीन जख्मी

**मऊआइमा।** नशे में धुत बाइक सवार ने एक अन्य बाइक से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीन को गंभीर चोटें आयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासी लालजी कनौजिया उर्फ मुकरु पुत्र स्वर्गीय बुध्दू का आरोप है कि उनका पुत्र जीतलाल अपनी माता बिटटन देवी और बहन डिंपल को बाइक पर बैठा कर मऊआइमा कस्बा की ओर आ रहे थे। आरोप है कि नशे में धुत सोनू पुत्र बांकेलाल ग्राम भानेमऊ निवासी ने ग्राम खानपुर के पास जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उनके पुत्र और पत्नी और बेटी को गंभीर चोटें आयी हैं।सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।लालजी ने मऊआइमा थाने में सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पटरी दुकानदारों को नगर निगम के अधिकारियों ने दी चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** नगर निगम द्वारा अतिक्रमण विरोधी दस्ता ने गुरुवार को पटरी दुकानदारों, फल विक्रेताओं, खोपचे वालों तथा प्लास्टिक पन्नी से छावनी बनाए दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि दो दिन के अंदर पॉलिथीन छावनी को हटाकर पटरी खाली करें दें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सहसों चौराहा झूंसी रोड पर पटरी तथा सड़क के किनारे लगे ठेला सहित अन्य दूकानदारों को चेतावनी दी गई कि सड़क व चौराहा की सौंदर्यता एवं सुरक्षा के लिए बनाए गए तिकोनिया एवं डिवाइडर पर दुकानदारों ने अतिक्रमण करके दुकान लगा रखी है। जोकि जनहित में यातायात सुरक्षा के विरुद्ध है। नगर निगम से आए



सुरक्षा अधिकारी राम सिंह ने सभी दुकानदारों को दो दिन के अंदर डिवाइडर खाली करने तथा प्लास्टिक छावनी का उपयोग न करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा की दुर्घटना से बचने तथा यातायात सुचारू रूप से संचालित होने के लिए पटरियों को खाली रखना अति आवश्यक है। यदि दुकानदार दो दिन के अंदर प्लास्टिक का प्रयोग एवं डिवाइड नहीं खाली किया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसके कारण पटरी दुकानदार सकते में आ गए हैं।

# माघ मेले में बनेंगे गंगा और त्रिवेणी अस्पताल

## स्वास्थ्य विभाग की ओर से भूमि पूजन कर शुरू किया गया कार्य

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** संगम के तट पर अगले माह जनवरी में माघ मेले का आयोजन होने जा रहा है। इसमें श्रद्धालुओं की सेहत का विशेष ख्याल रखा जाएगा। इसी उद्देश्य से मेला क्षेत्र में दो बड़े अस्पताल व 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने हैं। 2 बड़े अस्पताल बनाए जाएंगे जिसका नाम पूर्व की तरह ही गंगा और त्रिवेणी रखा गया है।आज गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉकल. आशु पांडेय द्वारा मेला क्षेत्र में भूमि पूजन किया गया और मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए मां गंगा से प्रार्थना भी की गई। आज से अस्थाई अस्पताल बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है और इसे जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। इस मौके पर मेला सब चार्ज डॉ. एके तिवारी, डॉ. आरसी पांडे, डॉ आंनद सिंह, डॉ. वरूण क्वात्रा, राकेश कुमार जायसवाल, चंद्रेश चंद्रेश चौरसिया समेत अन्य मौजूद रहे।

### 20-20 बेड के बनेंगे बड़े अस्पताल

गंगा और त्रिवेणी दोनों अस्पतालों को 20-20 बेड के क्षमता का बनाया जाना है जबकि अलग-अलग सेक्टरों में 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने हैं जो दो-दो बेड के होंगे। सभी अस्पतालों में 24 घंटे अलग-अलग शिफ्ट में डॉक्टर, फार्मासिस्ट व नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को जरूरत पड़ने पर तत्काल में उनका इलाज किया जा सके। इसी तरह यहां करीब 30 एंबुलेंस की व्यवस्था की जा रही है जो संगम नोज से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूद रहेगी।

## नैनी पुलिस द्वारा 01अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस बरामद

**नैनी।** नैनी कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना नैनी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बुधवार को अभियुक्त नितिन निषाद पुत्र स्व0 अशोक निषाद निवासी सिरसा वार्ड नं0 8 थाना मेजा हालपता अरैल संगम रोड नैनी को बंधा रोड अरैल के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 01अवैध तमंचा 315 बोर व 02 कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर विभिन्न धाराओं आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।



# नव निर्मित जिला जेल का डीजी ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी स्तिथ नव निर्मित जिला जेल का गुरुवार को जिला डीजी जेल एसएन साबत ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिया। डीजी जेल ने जिला जेल का संपूर्ण निरीक्षण किया और अधिकारियो को जल्द पूरी व्यवस्था को दुरुस्त कर बंदियों को शिफ्ट करने का निर्देश दिया। करीब एक घंटे से अधिक समय बाद वह लौट गये। गुरुवार सुबह डीजी जेल नैनी जिला कारागार पहुंच गये। अचानक उनके आने से कर्मचारियों में खलबली मच गई। उन्होंने नवनिर्मित जिला कारागार की बैरकों के साथ ही पाठशाला, पाकशाला और अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा के इंतजाम को भी देखा और सीसीटीवी कैमरों के साथ ही अन्य जानकारियां लीं। एक घंटे से अधिक समय तक उन्होंने निरीक्षण किया। इस मौके पर केंद्रीय कारागार नैनी के वरिष्ठ अधीक्षक रंगबहादुर, जिला कारागार के जेलर शैलेंद्र सिंह, डीसीपी यमुना नगर अभिनव त्यागी, एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान भी मौजूद रहे।



# हाईकोर्ट समाचार

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, हिंदू पक्ष की याचिका को किया स्वीकार

**प्रयागराज।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा कि पहले कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की अर्जी पर होगी सुनवाई होगी। इसके बाद याचिका की पोषणीयता पर विचार किया जाएगा। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष की दलीलें खारिज कर दी हैं। अदालत का यह फैसला ऐतिहासिक है।

**पहले कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की अर्जी पर होगी सुनवाई :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद मामले में गुरुवार को आदेश देते हुए कहा कि पहले कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की अर्जी पर होगी सुनवाई होगी। इसके बाद याचिका की पोषणीयता पर विचार किया जाएगा। कोर्ट अब 18 दिसंबर को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने के मामले में सुनवाई करेगी। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हमारे आवेदन को स्वीकार कर लिया है, जिसमें हमने एडवोकेट कमिश्नर द्वारा (शाही ईदगाह मस्जिद) के सर्वेक्षण की मांग की थी। 18 दिसंबर को इसकी रूपरेखा तय होगी। कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की दलीलें खारिज कर दी हैं। हमारी मांग थी कि शाही ईदगाह मस्जिद में हिंदू मंदिर के बहुत सारे निशान और प्रतीक चिह्न हैं। वास्तविक स्थिति जानने के लिए एक सर्वे की जरूरी है। उन्होंने अदालत के इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है।

## सिंभावली शुगर मिल मामला : कर्मचारियों और बैंकों की मिलीभगत से हुआ करोड़ों का घोटाला, सीबीआई जांच के आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सिंभावली सुगर लिमिटेड कंपनी और बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से हुई करोड़ों की धोखाधड़ी तथा जनधन हड़पने के मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। साथ ही सीबीआई को भी सलाह दी है कि यदि मनी लांड्रिंग का मामला मिले तो प्रवर्तन निदेशालय की मदद लेकर नियमानुसार कार्रवाई करें।आदेश न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी तथा न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने मेसर्स सिंभावली सुगर लिमिटेड की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याचिका में एनसी एलटी के आदेश को चुनौती दी गई थी।कोर्ट ने कहा कि आरबीआई ने एक जुलाई 2009 को सर्कुलर जारी कर सभी बैंकों को निर्देश दिया है कि जहां पांच करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी की गई हो बैंक उसकी रिपोर्ट बैंकिंग सिक्योरिटी एवं फ्राड सेल को तुरंत दे। किसी बैंक ने इस गाइडलाइन का पालन करना उचित नहीं समझा। ऋण भुगतान न करने पर एनपीए घोषित याची कंपनी को बिना ऋण या किसानों का भुगतान किए लगातार सात बैंकों से 1300 करोड़ का ऋण मिलता रहा।केन कमिश्नर ने किसानों का वर्ष 2022-23 का 376 करोड़ का भुगतान न करने वाली मिल को गन्ना खरीद की अनुमति जारी रखी। बैंक अधिकारियों ने ऋण वसूली के ठोस प्रयास ही नहीं किए। एक बैंक का धन हड़पने के बाद याची कंपनी एक के बाद दूसरे बैंक से ऋण लेकर हड़पती रही। यह भी बताया गया कि इससे पहले उत्तर प्रदेश की चीनी मिलों पर 1700 करोड़ बकाया था। 150 किसानों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद भुगतान हुआ। किंतु प्राथमिकी पर मिल के अधिकारियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। मिल डिफाल्टर हुई, खाता एनपीए घोषित किया और बिना वसूली का प्रयास किए बैंक अधिकारियों ने मिल को ऋण देना जारी रखा। इसकी भी जांच की जानी चाहिए।केन यूनियन के अधिवक्ता रवींद्र सिंह ने कहा, याची मिल की तीन इकाइयों पर किसानों का 379 करोड़ बकाया है। कोर्ट ने कहा, मिल, बैंक अधिकारियों सहित केन कमिश्नर भी जिम्मेदार है। केन कमिश्नर ने भी कोई एक्शन नहीं लिया। करोड़ों हड़पा गया और अधिकारी मूक दर्शक बने रहे, वसूली नहीं की गई। कोर्ट ने कहा, आरबीआई की गाइडलाइन के विपरीत बैंक अधिकारियों की ओर से ऋण देने की भी जांच की जाय। कोर्ट ने महानिबंधक को यह आदेश सीबीआई निदेशक, नई दिल्ली को भेजने का आदेश दिया है।

## अतीक के बेटे अली की सुरक्षा की मांग वाली याचिका खारिज, अदालत में पेश नहीं कर पाया कोई ठोस आधार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया अतीक के बेटे अली अहमद की सुरक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। नैनी सेंट्रल जेल में बंद माफिया अतीक के बेटे अली अहमद ने अदालत में पेशी के दौरान जान का खतरा बताते हुए कोर्ट में पेशी के समय केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनात किए जाने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने सुरक्षा के लिए कोई ठोस आधार नहीं देने के कारण याचिका खारिज कर दी।याचिका में कहा गया था कि अली आपराधिक मामलों को लेकर नैनी जेल में निरुद्ध है। उन मुकदमों के संदर्भ में संबंधित अदालतों में पेशी के दौरान उस पर जानलेवा हमला हो सकता है। इसलिए उनकी पूरी सुरक्षा करने या उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराने का आदेश दिया जाए। राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार ने याचिका का विरोध करते हुए कोर्ट का ध्यान अली के हलफनामे में उन तथ्यों की ओर आकृष्ट कराया था, जिनमें अली ने अपने मरहूम पिता व चाचा की आपराधिक छवि का हवाला दिया है। आशुतोष कुमार ने कहा था कि दोनों याचियों के हलफनामे में उनके पिता अतीक अहमद व चाचा खालिद अजीम उर्फ अशरफ की आपराधिक छवि और आतंक का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि कैसे वे दोनों अपराध के दलदल में धंसते चले गए और उनका कितना आतंक कायम था। साथ ही उन्होंने याचिका के साथ संलग्न हलफनामे में शपथकर्ता की एक गलती को दशार्ते हुए कहा था कि सरसरी तौर पर तैयार कराए गए हलफनामों से स्पष्ट है कि याचियों की आशंका काल्पनिक है। इस पर उमर व अली के वकीलों ने उसे टाइप की गलती बताया था।

# बहादुरपुर ब्लॉक में 21 जोड़े एक दूजे का हुए

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत संपन्न हुआ कार्यक्रम





**झूंसी/हनुमानगंज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को बहादुरपुर ब्लॉक में 21 जोड़े अग्नि को साक्षी मानकर वैदिक मंत्रोचार के बीच विधि विधान से दाम्पत्य सूत्र में बंधे। शासन की ओर से वर-वधु को शादी के कपड़े, गहने व गृहस्थी का समान उपहार में दिया गया। दोपहर 12 बजे हनुमानगंज पक्के तालाब से डीजे के साथ नाचते गाते बाराती ब्लॉक परिसर में बने सामूहिक मंड़प में पहुंचे। यहां ब्लॉक कर्मियों द्वारा बारातियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। पंडित जी द्वारा वर वधू को वैवाहिक सुखमय जीवन के लिए सभी रस्मों अदायगी करते हुए साते बचन निभाने की हामी भराई। सभी जोड़ों को एक ट्राली बैग, डिनर सेट, प्रेसर कूकर, वैनिटी किट, चांदी के पायल बिछिया, दीवाल घड़ी उपहार स्वरूप भेंट किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गंगापार भाजपा जिलाध्यक्ष कविता पटेल व जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख अरूणेंद्र यादव, खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार, एडीओ कोऑपरेटिव आलोक कुमार त्रिपाठी, एडीओ आईएसबी शंभुनाथ यादव, भाजपा नेता अरविंद तिवारी, आदित्य त्रिपाठी कल्लू आदि ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।

### एक विधवा बेटी भी बनी सुहागन

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में एक विधवा बेटी को भी सुहागन बनने का मौका मिला। कम उम्र में ही पति की मौत के बाद बिटिया के भविष्य को लेकर परिजनों को चिंता सता रही थी। कोशिश करने पर बिटिया के लिए योग्य वर मिल गया। शादी के खर्च की जिम्मेदारी सरकार ने उठा ली। बिटिया के परिजन ने शादी को लेकर खासा उत्साहित और खुश थे। सामूहिक शादी में मौलवी साहब ने फिरोज अंसारी की बेटी नूरी अंसारी का मो सईफ पुत्र सुलेमान के साथ हक मेहर अदा करा निकाह भी कबूल कराई।

# साधु-संतों और संस्थाओं का भूमि आवंटन 21 दिसंबर से

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। माघ मेला 2023-24 की बसावट शुरू हो गई है। अगले वर्ष की शुरूआत में लगने वाले माघ मेले के लिए भूमि आवंटन 21 दिसंबर से प्रस्तावित है। सबसे पहले दंडी बाड़ा को भूमि का आवंटन होगा। प्रभारी अधिकारी (माघ मेला) ने बताया कि माघ मेला 2023-24 में साधु-संतों, संस्थाओं एवं अन्य को नियमानसार भूमि/सुविधाओं का आवंटन होगा। 21 और 22 दिसंबर को दंडी स्वामी नगर, दंडी बाड़ा मार्ग में भूमि का आवंटन किया जाएगा।इसके बाद 23 और 24 दिसंबर को खाकचौक, 26 और 27 दिसंबर को आचार्य स्वामी नगर (आचार्य बाड़ा), 28 दिसंबर को संगम लोवर मार्ग, संगम अपर मार्ग और सरस्वती मार्ग, महावीर मार्ग, 29 दिसंबर को अन्नपूर्णा मार्ग, 30 दिसंबर को तुलसी मार्ग और जीटी रोड़ पर भूमि आवंटन होगा। इसी तरह 31 दिसंबर को त्रिवेणी मार्ग, एक जनवरी 2024 को रामानुज मार्ग, दो जनवरी को काली मार्ग, गंगोली शिवाला मार्ग, सेक्टर-एक व दो, परेड, शास्त्री गाटा, कबीर नगर, तीन जनवरी को समुद्रकूप मार्ग और इंटरलॉकिंग मार्ग सेक्टर तीन, हरिश्चन्द्र मार्ग, अरैल, समिया माई मार्ग, सूरदास मार्ग, गाटा मार्ग और अन्य संस्थाओं के लिए भूमि का आवंटन किया जाएगा। प्रभारी अधिकारी (माघ मेला) ने बताया है कि सुविधा पर्चियों की प्राप्ति के लिए पहचानयुक्त फोटो और आधार कार्ड पेश करना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया है कि अपरिहार्य परिस्थितियों में आवंटन तिथियों में परिवर्तन भी हो सकता है।

**सुविधा वापस न करने वालों को मेला में नहीं मिलेगी जमीन :** माघ मेला, कुंभ मेला और महाकुंभ के दौरान ऐसी संस्थाएं जिन्होंने मेला प्रशासन से टिन, टेंटेज, फर्नीचर आदि की सुविधाएं प्राप्त करने के बाद उन्हें वापस नहीं किया है उन संस्थाओं को मेला में जमीन नहीं दी जाएगी और कोई सुविधा भी नहीं मिलेगी। प्रभारी अधिकारी के अनुसार प्रत्येक शिविर धारक को मेले की संपूर्ण अवधि (माघी पूर्णिमा) तक शिविर बनाए रखना अनिवार्य होगा। सुविधा पर्ची, भूमि आवंटन के दो दिन बाद दी जाएगी।

# तीन राज्यों में भाजपा सरकार के गठन पर कार्यकताओं में हर्ष



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन पर भाजपा नेता राजेंद्र तिवारी ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी और लोगों में मिठाइयां बांटी।उन्होंने कहा कि देश में भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जहां पार्टी का छोटा से छोटा कार्यकर्ता भी ऊंचे पद पर बैठ सकता है।पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल ने कहा कि तीन राज्यों की जीत से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रास्ता आसान हो गया और चौबीस में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।उन्होंने तीनों राज्यों के सीएम और उनके सहयोगियों को बधाई दी है। इस मौके पर कामेश्वर पटेल, श्यामराज यादव, कमलेश मिश्र, अनूप मिश्र, रूप नारायण मिश्र, शिवानंद द्विवेदी, अवगेश यादव, चंद्रशेखर जिद्दी और अशोक पटेल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीबी पंत संस्थान के शोध छात्र को मिला जल प्रहरी अवार्ड

अखंड भारत संदेश

### जलशक्ति मंत्रालय व जल पुरुष के हाथों सम्मानित हुए रामबाबू, प्रधानमंत्री भी मन की बात कार्यक्रम में रामबाबू के कार्यों की कर चुके हैं सराहना



**झूंसी।** गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान झूंसी के शोध छात्र रामबाबू तिवारी को वर्ष 2023 के लिए जल प्रहरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड न्यू महाराष्ट्र सदन नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के स्थाई समिति अध्यक्ष परबत भाई पटेल व जल पुरुष राजेंद्र सिंह के द्वारा प्रदान किया गया। रामबाबू का बुंदेलखंड के तालाबों का सामाजिक सांस्कृतिक अध्ययन शोध विषय भी है। यह अवार्ड जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार व सरकारी टेल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में प्रति वर्ष देश भर में जल संचयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे जल योद्धाओं को जल प्रहरी अवार्ड से सम्मानित करती है। मूलतः बांदा, अंधाव गांव निवासी रामबाबू तिवारी ने बुंदेलखंड क्षेत्र में जल संचयन के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते हुए सामूहिक श्रमदान से 74 तालाबों का जीर्णोद्धार कराने, मेड़ बंदी करके खेत का पानी खेत में, गांव का पानी तालाब में आदि विषयों पर मिशन चलाकर चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक करने पर दिया गया है। 27 जून 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात में रेडियो कार्यक्रम में रामबाबू के कार्यों की सराहना भी कर चुके हैं। सम्मान समारोह में सांसद उमेश पाटिल, गोपाल साठे, रमेश बिंदोरी तथा राज्य सभा सांसद संत बलवीर सिंह सींचेवाल, संयुक्त सचिव आनंद मोहन, अमय साठे, अनिल सागर आदि मौजूद रहे।

# खेल जीवन कौशल भी सिखाता है : सुशांतु पांडेय

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** खेल न केवल बच्चों के शरीर को स्वस्थ रखने का एक अच्छा तरीका है, बल्कि इसके मनोवैज्ञानिक लाभ भी हैं। यह बातें सहायक विकास अधिकारी(समाज कल्याण) सुशांतु पांडेय ने खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कही।उन्होंने कहा कि खेल उन्हें महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी सिखाता है।इस तरह के आयोजन होने चाहिए ग्रामीण प्रतिभाओं को तरसने का मौका मिले।गुरुवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा महिला पॉलिटेक्निक कालेज के पास स्थित खेल मैदान में आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में की भसुंदर की टीम अव्वल रही।सभी विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी बालिका वर्ग में भसुंदर खुर्द की टीम अव्वल रही। बालिका वर्ग में जूनियर 100 मीटर में काजल,सब जूनियर 100 व 200 मीटर में रिचा सिंह,सब जूनियर 200 व 400 मीटर में करीना,जूनियर 200 मीटर में ज्ञांति पटेल,सीनियर बालक वर्ग में 100 व 400 मीटर दौड़ में इमरान अली,200 मीटर में लाल साहब 800 मीटर में संदीप,1500 मीटर में विकास यादव ने बाजी मारी।वहीं बालक वर्ग वालीबाल में तेंदुआ की टीम प्रथम स्थान पर रही। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शिवम सिंह,महिला पॉलिटेक्निक के प्राचार्य शैलेंद्र विक्रम, दंडी स्वामी विद्यालय के संचालक अतुल द्विवेदी, व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पांडेय, मुकेश शुक्ला, सुभाष मिश्र, लोकेंद्र मिश्र, वीरेंद्र गौड़, वीरेंद्र यादव, संतोष सिंह, मुनीम, किशोरी लाल और दूधनाथ आदि मौजूद रहे।

# फर्जी मुकदमे को निरस्त न किए जाने पर प्रेस क्लब जमकर विरोध-प्रदर्शन करेगा

अखंड भारत संदेश

### अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर जाते-जाते कर गए पत्रकार के खिलाफ खेल

**कौशाम्बी।** प्रेस क्लब चायल के अध्यक्ष सईदुर्रहमान उर्फ मुन्ने पत्रकार ने बताया कि पिपरी थाने में एक पत्रकार के खिलाफ फर्जी एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कराया गया है फर्जी रिपोर्ट दर्ज होने से पत्रकार परेशान है क्षेत्राधिकारी चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण ने पत्रकार को राहत देने से इंकार कर दिया है पत्रकार पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाएगा। जानकारी के मुताबिक पिपरी क्षेत्र के आलमपुर तिलगोड़ी गांव के रामबाबू पुत्र किशन लाल का एक सप्ताह पूर्व पत्रकार के मामा के लड़के 13 वर्षीय सतीश यादव से मैसेंजर पर वाद विवाद हुआ था रामबाबू ने सतीश यादव के साथ ही पत्रकार आलोक यादव के खिलाफ भी एससी-एसटी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है अपर पुलिस अधीक्षक के इस फर्जी रिपोर्ट लिखाये जाने से पत्रकारों में काफी रोष है पत्रकार आलोक यादव के खिलाफ लिखे गए फर्जी मुकदमे को निरस्त न किए जाने पर प्रेस क्लब चायल जमकर विरोध-प्रदर्शन करेगा।

## पुलिस अधिकारियों को व्यापार मण्डल ने किया सम्मानित

### पात्र व्यक्ति को नौकरी दिलाने पर हुआ समारोह का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण।

**प्रतापगढ़।** फर्जी दस्तावेज को कूटरचित करके नौकरी करने वाले को अभियुक्त बनाकर पात्र व्यक्ति को न्याय दिलाने के मामले में पुलिस अधिकारियों को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी के नेतृत्व में सम्मानित किया गया।

बता दें कि फर्जी दस्तावेज को कुटरचित करके संबंधित विभाग और कानून की आंखों में धूल झोंक वर्षों से फर्जी ढंग से सर्विस करने वाले की जांच जब पुलिस प्रतापगढ़ में श्याम सुंदर श्रीवास्तव एवं उप निरीक्षक को पुलिस अधीक्षक ने जांच सौंपी तो श्याम सुंदर को जानकारी हुई कि संतोष चैरसिया पकड़े जाने पर बर्खास्त होने पर पुनः फर्जी ढंग से नौकरी किया। वहां से हटने के बाद सुबोध कुमार के नाम से फर्जी दस्तावेज लगाकर जनपद हरदोई में शिक्षक की नौकरी कर रहा था, जिसमें न्यायिक प्रक्रिया अपनाकर निष्पक्ष जांच कर उस फर्जी व्यक्ति को अभियुक्त बनाकर पुलिस विभाग में उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट सौंप और पात्र व्यक्ति को न्याय दिला कर सर्विस दिलाने का कार्य किया और अपने सराहनीय कार्य के लिए जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने उनको 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी संदर्भ में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सभी पदाधिकारीगण एवं हमारी गड़वारा बाजार की इकाई के व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, महामंत्री मदनलाल उमर वैश्य, कोषाध्यक्ष पिंटू लाल उमरवैश्य, शिवम गुप्ता और उनके साथ कई पदाधिकारियों ने उनके प्रशंसा सराहना करते हुए उनको शुभकामना सम्मान पत्र से उनको सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य एवं पदोन्नति के लिए ईश्वर से कामना किया। इस मौके पर जिला मंत्री राहुल केसरवानी, जिला संगठन मंत्री सरदार कुलविंदर सिंह, शिवम केसरवानी एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## डेढ़ साल से फरार चल रहा रेप की आरोपी धराया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** डेढ़ सालों से लगातार पुलिस को चकमा दे रहे आरोपी फूलचंद वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। आसपुर देवसरा की रहने वाली एक विवाहिता ने सन 2022 में फूलचंद वर्मा के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था मामले में पुलिस ने आरोपी के ऊपर रेप जैसी संगीन धाराओं का मामला दर्ज किया था तब से पुलिस को लगातार पुलिस को चकमा दे रहे आरोपों को गुरुवार की सुबह आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त फूलचंद वर्मा पुत्र दूबर वर्मा को गुरुवार को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया।

## छप्परनुमा घर में लगी आग से नकदी समेत गृहस्थी हुई राख

### कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

**अखंड भारत संदेश**



बुआ का पुरवा बेलहा में लगी आग से जले सामान।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शार्ट सर्किट से छप्परनुमा घर में लगी आग से हजारों की नकदी समेत गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गये। ग्रामीणों ने खासी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लालगंज कोतवाली के बुआ का पुरवा बेलहा निवासी रामचंद्र गौतम पुत्र रामप्रसाद गुरूवार दोपहर करीब बारह बजे घर के सदस्यों के साथ खेत में काम करने गये थे।

घर पर कोई नही था। इसी बीच उनके छप्परनुमा घर में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जानकारी होते ही ग्रामीणों ने रामचंद्र को घर में आग लगने की सूचना दी। पीड़ित परिवार के साथ भागकर घर के बाहर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आगजनी से पीडित के घर में रखी तीन हजार की नकदी व पन्द्रह कुन्तल धान व तीन कुंतल गेहूं, एक कुंतल सरसों, चार कुंतल चावल समेत गृहस्थी के सभी सामान जलकर राख हो गये थे। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शांति व्यवस्था के तहत रैपिड एक्शन फोर्स ने किया रूट मार्च

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सर्किल लालगंज में शांति व्यवस्था के तहत गुरूवार को रैपिड एक्शन फोर्स बटालियन की प्लाटून ने पुलिस के साथ रूट मार्च किया। आरएएफ के सहायक कमान्डेंट शम्भू सिंह व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर की अगुवाई में कोतवाली लालगंज कस्बे, लीलापुर थानान्तर्गत सगरा सुन्दरपुर व बाबूगंज बाजार तथा सांगीपुर इलाके में रूट मार्च हुआ। आरएएफ के सहायक कमांडेन्ट शम्भू सिंह ने बताया कि जनता को भयमुक्त बनाए रखने व इलाके में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर जिले में सात दिवसीय अभियान के तहत आज लालगंज सर्किल के तीन थानों में रूट मार्च किया गया। इस मौके पर आरएएफ के इंस्पेक्टर मनीष कुमार व देवप्रकाश मिश्र, निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी, एसओ नीरज यादव, राजेश कुमार, विवेक मिश्र आदि मौजूद रहे।

## एमडीपीजी कालेज में सुचारु रुप से चल रही परीक्षाएं

### आज की परीक्षा में 762 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं एमडीपीजी कॉलेज में सुचारू रूप से संपन्न हो रही हैं। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में महाविद्यालय के आंतरिक सचल द्वारा छात्र-छात्राओं की परीक्षा कक्ष में नियमित तलाशी ली जा रही है।

आज प्रथम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर म्यूजिक, बीएससी प्रथम सेमेस्टर गणित, बीए पंचम सेमेस्टर मनोविज्ञान, प्राचीन इतिहास, बीकॉम पंचम सेमेस्टर में वस्तु एवं सेवा कर, बीएससी पंचम सेमेस्टर फिजिक्स तथा एम ए हिंदी की परीक्षाएं संपन्न हुईं। द्वितीय पाली में एम ए तृतीय सेमेस्टर हिन्दी की परीक्षा हुई। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि आज महाविद्यालय में कुल 762 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा 9 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 717 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 708 ने परीक्षा दी एवं 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 54 परीक्षार्थी पंजीकृत थे और सभी ने परीक्षा दी। महाविद्यालय के शिक्षक प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो रमेश चंद्र शुक्ल, डॉ सी एन पांडे, डॉ देवेंद्र कुमार पांडे परीक्षा की निगरानी करते रहे।

## पीएम रिपोर्ट से नहीं खुला युवक की मौत का राज, विसरा प्रिवर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में युवक का शव मिलने की घटना में दूसरे दिन भी पुलिस को कोई तहरीर नही मिली है। वहीं पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा प्रिवर्ज हो गया है। जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय आनादेव गांव निवासी चैतीस वर्षीय बालेन्द्र सिंह पुत्र स्व. मथुरा सिंह बीती बुधवार सुबह गांव स्थित तालाब के पास खेत में संदिग्ध दशा में मृत पड़ा मिला था। शौच को गये ग्रामीणों ने बालेन्द्र को मृत देख इसकी सूचना उसके घर व ग्रामीणों को दी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। दरोगा विनीत उपाध्याय का कहना है कि युवक के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने से विसरा प्रिवर्ज हो गया है। मृतक के परिवार की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## गर्म कपड़े का वितरण अभियान पूरे जाड़े भर चलेगा

### एलायंस क्लब का गर्म कपड़े व स्वेटर वितरण अभियान निरंतर जारी

**अखंड भारत संदेश**



जरुरतमंदों को गर्म कपड़े देते क्लब के पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे गर्म कपड़ों का वितरण अभियान के क्रम में आज चिलबिला पुल के पास रह रहे पत्थर का कार्य करने वालो को गर्म कपडा. आज वितरण किया गया। जहां बच्चों को स्वेटर सेट, महिलाओं को स्वेटर, साल आदि का वितरण कर आने वाली भीषण ठंड से बचाने की कोशिश क्लब के पदाधिकारीयो द्वारा घूम-घूम कर मालिन बस्तियो आदि जगहो पर वितरण कर रहे हैं।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब जाडे. से बचाने के लिए गर्म कपड़े व कंबल का वितरण कर रहा है। उसी क्रम में आज भी गरीब असहायों को व मलिन बस्तियों में गर्म कपड़े व बच्चों को शूटर आदि वितरण किया गया। क्लब का यह अभियान पूरे जाडे. भर चलता रहेगा।

रोशनलाल ने कहा कि सभी दानदाताओं से अपील है कि जैसे हर वर्ष आप सब कम्बल, गर्म कपड़े आदि देते हैं इस वर्ष भी देने की कृपा करें। जिससे ज्यादा से ज्यादा गरीबों असहायो को आप सब के सहयोग से भीषण ठंड से बचाया जा सके। इस अवसर पर क्लब की एडवाइजर नॉर्थ पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, अर्चना खंडेलवाल, नीलम, आदर्श कुमार, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, विवेक आदि ने घूम घूम कर गर्म कपड़े वितरण किए।

## अस्पताल पहुंचे प्रिंसिपल से मिलने को उमड़ी भीड़

### डाक्टर, स्टाफ और बच्चा बैंक से मिलकर प्रसन्न हुए पूर्व प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ आर्य देशदीपक गुरुवार को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में पहुंचे तो मिलने वालों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। वे पूरी आत्मीयता से डाक्टरों, स्टाफ, बच्चा बैंक और परिचितों से मिले। सभी के साथ काफी समय अस्पताल में बिताया। सीएमएस कक्ष में डाक्टरों के साथ बैठकर पुरानी यादों को साझा किया।चिरपरिचित कार्यशैली और अपनी बेबाकी के लिए सुर्खियों में रहे मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डा.आर्य देशदीपक दोपहर को अचानक राजा प्रताप बहादुर अस्पताल पहुंच गए। उनके आने की खबर मिलते ही उनके चाहने वालों की भीड़ जमा हो गई। वे सभी से प्रेम भाव से मिले। सीएमएस कक्ष में वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री, आई सर्जन विवेक तिवारी, ब्लड बैंक प्रभारी दीपिका केसरवानी, डाक्टर आकांक्षा सिंह से मिलकर उनका कुशल क्षेम पूछा। मिलने जुलने वालों ने प्रिंसिपल का बड़ी ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। उन्हें मीडिया के साथियों से भी मुलाकात की। असहाय बच्चों की शिक्षा में मदद को तत्पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के लोगों से मिलकर वे काफी खुश नजर आए। बोले कि ग्रुप समाज में अच्छा काम कर रहा है। वे मदद को तत्पर रहेंगे।

## सृजना कुटीर में काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

### कानपुर से आए साहित्य भूषण हरीलाल मिलन रहे मुख्य अतिथि

**अखंड भारत संदेश**



काव्य गोष्ठी में काव्य पाठ करते वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न।

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उ.प्र.के आयोजकत्व में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न ने किया। मुख्य अतिथि कानपुर से आए वरिष्ठ साहित्यकार, साहित्य भूषण हरी लाल मिलन रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत युवा साहित्यकार कवि श्रीनाथ मौर्य सरस ने माँ वीणा पाणि के वाणी वंदना से किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि साहित्यकार हरी लाल मिलन जी ने पढ़ा मुसाफिर हैं, थके भी हैं। कहाँ जाएं कहाँ सोएं। समय की वेदनाओं को सफर में कब तलक ढोयें। हमारे आंसुओं में भी बुराई देखते हैं वो, समझ में यह नहीं आता कि हम जाकर कहां रोएं। साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी ने पढ़ा प्रेम बड़ा मतवाला है। सबके मतलब वाला है। साहित्यकार श्रीनाथ मौर्य सरस ने पढ़ा बड़ा छोटा सा घर मेरा, बड़ी छोटी से बगिया है। यहीं रहते मेरे माँ बाप, बड़ी प्यारी सी दुनिया है। संचालन कर रहे राधेश्याम दीवाना ने पढ़ा मत बन तू अबला नारी। कर बनने की तैयारी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न ने पढ़ा हँसना तो चाहता हूँ, आती हँसी नहीं। जाने हुआ क्या मुझे, मन में खुशी नहीं। तत्पश्चात काव्य पाठ करने वालों में साहित्यकार श्री कुंज बिहारी मौर्य काका श्री, अमरनाथ गुप्ता बेजोड, जीतेंन्द्र कुमार मौर्य, जितेंद्र कौशल रहे।

## मानवाधिकार अंतर्राष्ट्रीय संघ का जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मानवाधिकार सहायता संघ भारत अंतर्राष्ट्रीय द्वारा मंगलवार को सेंट अन्थोनी इंटर कालेज के विशाल प्रांगण में छात्र-छात्राओं को जीवन में शिक्षा का महत्व, मानवाधिकार एवं कहीं भी मानव अधिकारों का हनन न हो,उसकी रक्षा ० संरक्षण, बच्चों में संस्कार,महिला सशक्तिकरण आदि महत्वपूर्ण विषय पर सम्मिलित रूप में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया।

एम.एस.ए. प्रतापगढ़, उ.प्र. द्वारा आयोजित इस वृहद शैक्षिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के अत्यंत कर्मठ, सुयोग्य, व्यवहार कुशल, अनुशासन प्रिय, सर्वहित चिंतक नेक दिल इंसान,कुशल प्रशासक प्रधानाचार्य फादर आनंद जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मानवाधिकार सहायता संघ भारत अंतर्राष्ट्रीय के प्रदेश मुख्य महासचिव-उत्तर प्रदेश,डॉ. विनय कुमार श्रीवास्तव इंटरनेशनल जवाइंट ट्रेजरर, एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल एवं सेवानिवृत वरिष्ठ प्रवक्ता-पी.बी.प्रतापगढ़ ने उपस्थित हजारों छात्र-छात्राओं को मानवाधिकार सम्बंधित विशेष बातों के साथ ही साथ राष्ट्रीय एकता, अखंडता, गरीब पीड़ितों की सेवा, असहायों की सहायता, माता-पिता एवं बड़े बुजुर्गों का आदर सम्मान करने,अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने पर बल दिया।

इस मौके पर इस अवसर पर मानवाधिकार सहायता संघ इकाई के सक्रिय सदस्य एवं सामाजिक कार्यकत्ता सद्दाम अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त किया। अंत में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य फादर आनंद ने सभी छात्र-छात्राओं को अपनी प्रेरक कहानी और मानवाधिकार कार्य एवं जिम्मेदारी सम्बंधित विभिन्न प्रेरणादायक उदाहरण देते हुए विद्वतापूर्ण बड़े ही मनोरंजक एवं प्रशंसनीय ढंग से सभी को प्रभावित करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सेंट अन्थोनी कालेज के शिक्षक फादर सैम ने किया।

## कुलदीप बने संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष, जतायी गयी खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के श्रीधर्म प्राण कोठीवाल संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीकांतगंज के प्रधानाचार्य कुलदीप मिश्र को माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति का कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर शिक्षकों ने हर्ष जताया है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष डा. शुभनंदन मिश्र व प्रदेश महामंत्री गिरिजेश मिश्र द्वारा कुलदीप के मनोनयन की घोषणा पर गुरूवार को संस्कृत शिक्षकों में खुशी छा गयी। बैठक के जरिए डा. ओमप्रकाश पाण्डेय, राकेश शुक्ल, वीरेन्द्र पाण्डेय, कमलापति त्रिपाठी, देवेन्द्र तिवारी, भूपेन्द्र नाथ त्रिपाठी, चंद्रमौलि पाण्डेय, डा. विनय, कृष्ण कुमार, सच्चिदानंद मिश्र, राहुल पाण्डेय आदि ने प्रसन्नता जताते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष कुलदीप मिश्र का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष कुलदीप ने साथी शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि वह संघ की मजबूती के साथ शिक्षक कल्याण में संघर्ष को धार देंगे।

## व्यापारी की पत्नी का निधन, प्रमोद व मोना ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के चौक क्षेत्र के वरिष्ठ व्यवसायी रामप्रकाश जायसवाल उर्फ गामा की पत्नी मीरा जायसवाल 50 का बुधवार की देर रात इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वह वरिष्ठ चिकित्सक डा. ओमप्रकाश जायसवाल की अनुज वधू भी थीं। मीरा के असमय निधन की जानकारी होने पर गुरूवार को नगर के व्यापारियों में शोक छा गया। शोक में चौक क्षेत्र के अधिकांश प्रतिष्ठान बंद दिखे। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने व्यापारी गामा की पत्नी के निधन पर परिजनों से फोनिक वार्ता कर गहरी पीड़ा व्यक्त की। उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज ने गामा के आवास पर पहुंचकर शोकांजलि अर्पित की। वहीं व्यापारियों की आम सभा में डा. अंजनी कौशल, विजय कौशल, दिनेश सिंह, विनय जायसवाल, ज्ञानचंद्र मोदनवाल, गुलाबचंद्रा, रामलखन जायसवाल, डा. रमाशंकर शुक्ल, जगदीश कौशल, रमाशंकर सोनी, केदार कौशल, बद्री जायसवाल, पप्पू जायसवाल, संजय सिंह, राकेश तिवारी, साहित्यकार संतोष सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ अधिवक्ता देवी प्रसाद बेलौरा, प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष बीएन सिंह, पूर्व बीडीसी गीता सिंह, आचार्य देवानंद मिश्र, एबादुर्रहमान अंसारी आदि ने मीरा जायसवाल के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की।

## तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल से

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शिव कुमार दुबे इंटर कालेज नौडेरा सुवंसा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 16 से 18 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से एम्स दिल्ली के विभिन्न विभागों से वरिष्ठ चिकित्सक आएंगे। इन डाक्टर्स की सलाह के बाद स्थानीय मरीजों में एक आत्म विश्वास का संचार होता है। अन्य वर्षो की भांति इस टीम में गठिया विभाग की अध्यक्ष प्रो डॉ उमाकुमार, तंत्रिका रोग न्यूरोलाजी के प्रो. डॉ अचल श्रीवास्तव, हड्डी रोग के प्रो डॉ. विजय कुमार, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव पाटिल आदि रहेंगे। इस दौरान नेत्र विशेषज्ञ आंख की जांच करेगे तथा चश्में भी वितरित किये जाएंगे।

## बंधक अचल सम्पति की सार्वजानिक नीलामी कर खरीदार को सौंपा कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बड़ौदा यू.पी.बैंक, शाखा बिहारगंज के क्रानिक बकायेदार ऋणी जगी राम पुत्र सीता राम, निवासी पूरे नरसिंह भान के विरुद्ध बकाया ऋण की वसूली हेतु जिला मजिस्ट्रेट जनपद प्रतापगढ़ के आदेशानुसार सरफेसी की प्रभावी कार्यवाही की गई। बैंक के पक्ष में बंधक संपत्ति की नीलामी कर बड़ौदा यू.पी. बैंक के मुख्य प्रबंधक द्वारा सर्वाधिक नीलामी बोली वाले अशोक कुमार को कब्जा दिलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से अपील की गई कि लोग अपने ऋणों की किस्तों की अदायगी समय से सुनिश्चित करें और अपने कार्य व व्यवसाय को प्रगति के पथ पर ले चलें।

## घर में घुसकर हुई मारपीट पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हुई मारपीट की घटना को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के किशुनगढ़ गांव की नीलम पत्नी सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती मंगलवार को रात आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के अशोक कुमार, संजय सिंह, सत्यम सिंह एकराय होकर उसके दरवाजे पर आ धमके।

आरोपियों ने गाली देते हुए घर में घुसकर उसे लाठी डण्डों से मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जांच के बाद तीन के खिलाफ गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## प्रभारी सीडीओ ने पान उत्पादक के कृषकों को रवाना किया

**प्रतापगढ़।** गुणवत्तायुक्त पान उत्पाद को प्रोत्साहन की योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत जनपद के पान उत्पादक के 50 कृषकों का दल प्रदेश से बाहर (चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर, महोबा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र छतरपुर मध्य प्रदेश) सात दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 13 से 19 दिसम्बर 2023 तक जनपद से रवाना किया गया। जिला विकास अधिकारी/प्रभारी सीडीओ राकेश प्रसाद ने विकास भवन से बस को हरी झण्डी दिखाकर प्रदेश के बाहर भ्रमण के लिये पान उत्पादक कृषकों को रवाना किया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

## सांसद ने जीवनदायनी सई नदी के प्रदूषण का संसद में उठाया मुद्दा

### विभागीय मंत्री ने कार्य पूरा कराये जाने का दिया आश्वासन

**अखंड भारत संदेश**



संसद में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

**प्रतापगढ़।** सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा संगम लाल गुप्ता ने संसद के शीतकालीन सत्र में के प्रश्न काल में प्रतापगढ़ के मध्य से होकर बहने वाली जीवनदायनी सई नदी के प्रदूषण का मुद्दा संसद में उठाया।

उन्होंने संसद के प्रश्न काल पर यह सवाल रखा की मेरे लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ के मध्य से होकर बहने वाली जीवनदायनी नदी सई जिसे भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे परियोजना में सम्मिलित किया गया है, किंतु अभी भी प्रदूषण के कारण उसका जल प्रदूषण से प्रभावित है। संसद के सवाल पर विभागीय मंत्री जल शक्ति गजेंद्र शेखावत ने जवाब देते हुए बताया कि गंगा नदी से जुड़ी हुई नदियों को इस प्रकार के परियोजना में सम्मिलित कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ बनाए जाने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने सांसद के सवाल को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए सई नदी के प्रदूषित जल को स्वच्छ एवं पीने योग्य बनाए जाने के लिये प्राथमिकता पर कार्य करने का आश्वासन दिया।

## अपरहरण व दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अपरहरण व दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने गुरूवार सुबह मुखबिर की सूचना पर किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मुकदमें के आरोपित रायपुर भगदरा निवासी अंकित सरोज पुत्र धनई को उसके घर के समीप से गिरफ्तार किया। चैकी इंचार्ज ने बताया कि आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।


# प्रभारी मंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चों को कराया अन्नप्राशन

**प्रभारी मंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं-पेंशन, प्रधानमंत्री आवास एवं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को आवास की चाभी/प्रमाण-पत्र किया वितरित**

**प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड एवं निपुण विद्यार्थियों को स्कूल बैग व शिक्षण सामग्री किया वितरित**

**अखंड भारत संदेश**





**कौशाम्बी।** जनपद के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री कारागार,उ0प्र0 सुरेश राही ने गुरुवार को ग्राम पंचायत-गिरधर एवं हटवारामपुर मडूकी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया प्रभारी मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित स्टॉलां का अवलोकन तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन कराया।

प्रभारी मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने ग्राम पंचायत-गिरधर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वृद्धावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभार्थी गुलाब राजन प्रसाद एवं ऊषा देवी को पेंशन स्वीकृत प्रमाण-पत्र वितरित किया। इसी प्रकार आयुष्मान भारत योजना की लाभार्थी-तेरसिया, मैकू लाल, फूलमती, किरन देवी, चन्द्र विजय सिंह व दिलीप कुमार को गोल्डेन कार्ड, उज्ज्वला योजना की लाभार्थी-रेशमा पाल, सोना देवी, शिवदुलारी, उर्मिला देवी व श्यामा देवी को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रमाण-पत्र एवं उज्ज्वला योजना के तहत रंजना देवी, कलावती, बदामा देवी, अंजुला एवं गोमती देवी को सब्सिडी चेक वितरित किया तथा लाभार्थी-बृजकली एवं सुकुरी को निराश्रित महिला पेंशन स्वीकृत प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी-मिठाई लाल व सुमन देवी को आवास की चाभी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी मंतोष कुमार एवं अनित कुमार को आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किया तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनन्तर्गत लाभार्थी जसवंत कुमार गौतम को पॉवर स्पेयर यन्त्र के लिए रू0-3000 अनुदान प्रमाण-पत्र, श्रीपाल को 03एचपी सोलर पंप की स्थापना के लिए रू0-01 लाख 50 हजार अनुदान प्रमाण-पत्र एवं धर्मेन्द्र सिंह को कस्टम हायरिंग सेन्टर के लिए रू0-04 लाख का अनुदान प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने निपुण विद्यार्थियों-आदित्य कुमार, अंशराज, सुनैना, अंजली, करिश्मा, विशू, पुष्पा, शिवान्सी, अंकुश, मान्सी, पुष्पा, संध्या एवं वंश को स्कूल बैग व शिक्षण सामग्री प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। प्रभारी मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने ग्राम पंचायत-हटवारामपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वृद्धावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभार्थी-श्री रोशन लाल व राजाराम को पेंशन स्वीकृत प्रमाण-पत्र वितरित किया।

इसी प्रकार उज्वला योजना की लाभार्थी-गया रानी व सुशीला देवी को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रमाण-पत्र एवं उज्ज्वला योजना के तहत गीता देवी व केला देवी को सब्सिडी चेक वितरित किया तथा लाभार्थी-भुलनियॉ, रन्नों देवी व श्यामा देवी को निराश्रित महिला पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र, कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनन्तर्गत लाभार्थी-राजीव सिंह को फार्म मशीनरी बैंक एवं अरविन्द कुमार को पॉवर स्पेयर मशीन के लिए अनुदान प्रमाण-पत्र, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी कामता व चितरंजन को आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र तथा निपुण विद्यार्थियों-अजीत, शिवानी, मीनाक्षी, राधिका, रेखा, सोनम, संजय, सत्यम, सौरभ, विजेता एवं पिंकी को स्कूल बैग व शिक्षण सामग्री प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। पं0 दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबी का जीवन जिया है, वे गरीबों के दुख-दर्द को भली-भॉति समझतें हैं, उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन देकर महिलाओं को चूल्हें के धुऑ से मुक्ति दिलाने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि गॉव का पहले जब गरीब व्यक्ति बीमार होता था तो उसे इलाज कराने के लिए अपना घर-जमीन बेचना व कर्ज लेना पड़ता था, प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा गरीबों को ध्यान में रखकर संचालित की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब व्यक्ति अब निःशुल्क इलाज करा सकता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हर घर-नल से जल पहुॅचाने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय की सुविधा, सौभाग्य योजना के तहत निःशुल्क विद्युत कनेक्शन, स्कूलों का कायाकल्प कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनायें, मोदी की गारण्टी है, हर गरीब को इन योजनाओ से लाभान्वित करने का कार्य निरन्तर किया जा रहा हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को विकसित बनाने का ढ़ृढ़ संकल्प लिया है, देश विकसित तभी होगा, जब गॉव विकसित हो। सरकार गॉवों पर विशेष ध्यान देते हुए गॉवों में अनेक विकास कार्य एवं योजनाओं के माध्यम से गॉवों के गरीब व्यक्तियों को लाभान्वित करने का निरन्तर कार्य कर रहीं है। गॉवों के लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छी सरकार वहीं है, जो गरीबों, महिलाओं, मजदूरों, पीड़ितों एवं शोषितों के कल्याण के लिए कार्य करती है, केन्द्र की मोदी जी की सरकार एवं प्रदेश की योगी जी की सरकार गरीबों, महिलाओं, मजदूरों, पीड़ितों एवं शोषितों के कल्याण के लिए कार्य किया है/निरन्तर कार्य कर रहीं है। उन्हांने कहा कि कोविड काल से ही निःशुल्क राशन दिया जा रहा है, यह मोदी की गारण्टी है कि कोई भूखा नहीं सोयेंगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायतां में किया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आप लोगों को दी जा रही है तथा छूटे हुए पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारण्टी है कि कोई भी पात्र लाभार्थी छूटने नहीं पायेंगा, सभी को लाभान्वित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है एवं जो पात्र हैं, पंजीकरण करायें, योजना का लाभ अवश्य मिलेंगा। उन्होंने कहा कि जब गॉवों का विकास होगा तो देश का विकास होगा। सरकार गॉवों के विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाये जा रहें है, योजनाओं की जानकारी कर योजनाओं से लाभान्वित हों।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम 26 जनवरी 2024 तक संचालित किया जायेंगा। प्रत्येक वैन प्रतिदिन 02 गॉव में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहीं है। उन्होंने कहा कि "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम का उद्देश्य-सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन/ विशेषकर वंचित लोगों को जागरूक करना, विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को चिन्हित कर लाभान्वित करना तथा लाभान्वित लाभार्थियों से उनके अनुभव/फीडबैक प्राप्त करना है। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल के माध्यम से योजनाओ की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हों तथा किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड एवं आवास आदि के लिए आवेदन/ पंजीकरण करा लें, जिससे पात्रता की स्थिति में लाभान्वित किया जा सकें। उन्हांने कहा कि सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रहीं है, योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की आयु 60 वर्ष से अधिक हो गई है तथा पेंशन नहीं मिल रहीं है, वे सभी लोग वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन अवश्य करें, ताकि पात्रता की स्थिति में लाभान्वित किया जा सकें। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने नहीं पायेंगा, सभी को योजना से लाभान्वित करने का प्रयास किया जायेगा।



## खुले में तैर रहे महिला की हत्या के साक्ष्य पुलिस बन रही है अनजान

**मृतक महिला के घर में ताला बंद कर दिए जाने से छोटे-छोटे मासूम बच्चे परेशान**

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी बाजार में 3 दिसंबर की रात्रि विधवा महिला अनीता देवी पत्नी स्वर्गीय लवकुश को बड़ी बेरहमी से उसके ससुरालियों ने पीटा था आधा गांव इस बात का गवाह है मृतक महिला अनीता के छोटे-छोटे बच्चे भी अनीता को पीटे जाने की गवाही दे रहे हैं तीन दिसंबर की रात्रि अनीता को पीटने के बाद उसकी रक्तरंजित लाश 4 दिसंबर को गांव के कुएं से मिली है पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक अनीता की माता फूलमती पत्नी फूलचंद निवासी रानीपुर थाना सराय अकिल ने थाना पुलिस को तहरीर दी लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज हुआ उसके बाद मृतक अनीता की माता फूलमती पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी पहुंची वहां भी शिकायती पत्र दिया लेकिन मुकदमा दर्ज करने के बजाय शिकायतकर्ता फूलमती को फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की धमकी थाना पुलिस द्वारा दी जाने लगी है वादी मुकदमा को फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी देने के पीछे थाना पुलिस की क्या मंशा है यह भी जांच का विषय है महिला अधिकार एवं जागृत संस्थान की अध्यक्ष अंजना मिश्रा के साथ गुरुवार को मृतक महिला की माता पुलिस कार्यालय पहुंचकर फरियाद की है। थाना पुलिस की अंधेरगर्दी की हद तो तब हो गई जब वह मृतक महिला अनीता के चरित्र का प्रमाण भी वह देने लगी है लेकिन घटना को 8 दिन बीत जाने के बाद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे पश्चिम शरीरा थाना पुलिस का चेहरा बेनकाब हो रहा है अनीता देवी की मौत के बाद उसकी संपत्तियों पर ससुराली जनों ने कब्जा कर लिया है संपत्ति पर ताला बंद कर दिया गया है मृतक महिला अनीता के तीन छोटे-छोटे बच्चे अपने घर में प्रवेश करने के लिए परेशान है लेकिन उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है ससुराल में ससुर से अलग रहने वाली महिला की मौत के बाद उसके घर में ससुर के कब्जा करने का क्या अधिकार है। घटनाक्रम के मुताबिक 3 दिसंबर की रात्रि में अनीता देवी पर आरोप लगाते हुए ससुराल के आधा दर्जन लोगों ने उसे बेरहमी से पीटा था वह आधी रात को जान बचाकर महिला घर से बाहर निकली और दूसरे के घर में शरण ले ली लेकिन दूसरे के घर से भी अनीता को खींचकर पीटा गया है जिससे उसे गंभीर चोट आई थी महिला के हाथ पैर को तोड़ दिया गया है 3 दिसम्बर की रात्रि खुले आम गांव में नग्न तांडव किए जाने के बाद थाना पुलिस इस मामले को हत्या मानने को तैयार नहीं है जबकि घटना को दर्जनों लोगों ने देखा सुना है पुलिस का कहना है कि अनीता देवी कुएं में गिर गई है अनीता देवी के पति की मौत 2 वर्ष पूर्व हो चुकी है माँ के मरने के बाद तीन छोटे-छोटे बच्चे अनाथ हो गए हैं लेकिन उसके बाद भी थाना पुलिस अनीता के मौत के जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर जेल भेजने के बजाय खेल करने के जुगाड़ में लगी है मृतक महिला की बेटी के बयान के 8 दिन बाद भी पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है इतना ही नही मौत को आठ दिन बीत जाने के बाद भी मृतक अनीता की माता को अभी तक थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं उपलब्ध कराई है जबकि कई बार मृतक महिला की माता पुलिस से मिलकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मांग कर चुकी है आखिर पोस्टमार्टम रिपोर्ट मृतक महिला की माता को पुलिस देने में क्यों हीला हवाली कर रही है यह तमाम सवाल थाना पुलिस को कटघरे में खड़ा कर रही है अनीता देवी के मौत के मामले में पुलिस अधिकारियों ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो हत्यारो से थाना पुलिस के साठगांठ का चेहरा बेनकाब होगा और जहां हत्यारो को दंड मिलेगा वहीं थाना पुलिस भी दंडित होगी।

## 15 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-रामपुर मडूकी,पवैया, बलकरनपुर, मुस्तफाबाद, पॉली उपरहार व टिकरीनागी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा मनमऊ, अगियौना, समसपुर, पदुमनाथपुर सुरसेनी, मुस्तफाबाद व अढ़ौली में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा।विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत,पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी "मेरी कहानी मेरी जुबानी"के तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/ स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-धरती कहे पुकार एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## खुलेआम घूम रहे जिलाबदर अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** डीएम सुजीत कुमार द्वारा अभियुक्त मेवा लाल पुत्र सुन्दर लाल नि० बरई बंधवा थाना करारी को जिलाबदर का आदेश किया गया था । मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभि० मेवा लाल अपने ग्राम आया है और खुलेआम घूम रहा है। डीएम के जिलाबदर किए जाने के आदेश के उल्लंघन करने पर थाना करारी पुलिस एसआई सियाकान्त चौरसिया ने पुलिस बल द्वारा अभियुक्त को मालीपुर उर्फ महराजगंज मोड से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 303/23 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा गर्दी नियंत्रण अधि० पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।

## किसान क्रेडिट कार्ड के कुल 52209 खातों के लक्ष्य में खुल सके 23863 खाते

**सीडीओ की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में उजागर हुआ किसान क्रेडिट कार्ड खाते के खोलने में लापरवाही, पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लम्बित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के दिये निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**





**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ उदयन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने ऋण जमानुपात की समीक्षा के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया एवं पंजाब नेशनल बैंक का अन्य बैंको के सापेक्ष ऋण जमानुपात कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्ययोजना बनाकर सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न बैंको में पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण आवेदन लम्बित पाये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित बैंकर्स को ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने बैठक में मत्स्य विकास अधिकारी सुनील के अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दियें। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में किसान क्रेडिट कार्ड के कुल 52209 खातों का लक्ष्य है जिसके के सापेक्ष 23863 खाते खुल गये हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड एवं पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिये तथा सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष आवेदन बैंकों को प्रेषित करने एवं बैंक अधिकारियों को आवेदनों को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों का खाता प्राथमिकता के आधार पर खोला जाय। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत 11 आवेदन बैंको में प्रेषित किये गये हैं, जो लम्बित हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को फालो-अप करने के निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी ने नाबार्ड द्वारा तैयार की गयी संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2024-25 का विमोचन किया। जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड श्री अनिल शर्मा ने बताया कि यह योजना नाबार्ड द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बैंकरों एवं जिले के अन्य हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में कौशांबी जिले में प्राथमिकता क्षेत्र के लिए रू0-116509.87 लाख के बैंक ऋण की संभाव्यता का अनुमान लगाया गया है। इसमें कृषि क्षेत्र के लिए ऋण, कृषि संबंधी अन्य गतिविधियों यथा-डेयरी, सिचाई, कृषि यंत्रीकरण, भूमि विकास, मुर्गी पालन, मछली पालन एवं भंडारण आदि के अतिरिक्त लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों के लिए एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र यथा-शिक्षा, आवास एवं नवीकरणीय ऊर्जा आदि के लिए बैंक ऋण का अनुमान लगाया गया हैं बैठक में अग्रणी जिला विकास प्रबन्धक जितेंद्र चौधरी ने बताया की ऋण योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 के लक्ष्य 01 अप्रैल 2024 से पहले सभी बैंकों को दे दिये जाएँगे। उन्होने इस तिमाही में बैंकों द्वारा की गयी प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## किसानो को सिंचाई के लिए आखिर कब आयेगा नहरों में पानी : अजय सोनी


**सकिपा अध्यक्ष अजय सोनी ने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से नहरों में जल्द पानी छोड़ने की मांग उठाई**

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने कौशांबी की सूखी नहरों में पानी छोड़े जाने की जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से मांग उठाई है। साथ ही नहरों में पानी न आने से किसानो को सिंचाई के लिए हो रही दिक्कत पर पार्टी ने चिंता जाहिर की है। समर्थ किसान पार्टी प्रमुख एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने गुरुवार को देवखतपुर ब्लॉक सिराथू के पास करारी माइनर का स्थलीय जायजा लिया और पानी नही आने पर नाराजगी जाहिर की। इस अवसर पर अजय सोनी ने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से तत्काल करारी माइनर समेत जिले की सभी सुखी नहरों में टेल तक पानी छोड़ने की मांग की। इस अवसर पर मौजूद रहे लोगों से वार्ता के क्रम में अजय सोनी ने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से सवाल किया कि किसानो को सिंचाई के लिए पानी चाहिए तो नहरों में पानी क्यूं नहीं आ रहा है। आगे सवाल किया कि आखिर कब तक कौशांबी की सभी नहरों में टेल तक पानी आयेगा और किसानो को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। अजय सोनी ने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से जल्द से जल्द करारी माइनर समेत जिले भर की सभी सुखी नहरों में टेल तक पानी छोड़ने की मांग की है। इस अवसर पर अजय सोनी ने आरोप लगाया कि सिल्ट सफाई के कार्य में जानबूझकर देरी की जा रही है। किसानो को जब सिंचाई के लिए पानी चाहिए तब सिंचाई विभाग सिल्ट सफाई करवा रहा है। सिल्ट सफाई का काम अब तक पूरा हो जाना चाहिए था। परंतु विभागीय उदासीनता के चलते अभी भी काम चल रहा है जिसके चलते सिंचाई के लिए किसानो को पानी नही मिल पा रहा है और किसान परेशान हैं। आगे कहा कि इस संबंध में जिम्मेदारों से लिखित शिकायत की जाएगी। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, रंजीत सरोज, राधेश्याम पाल, अशोक मौर्य, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

## रेलवे लाइन पर अधेड़ का दो टुकड़ों में मिला शव



**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन पर अधेड़ का दो टुकड़ों में शव मिलने से सनसनी मच गई,अधेड़ के दोनो पैर कटे हुए है और सर पर भी चोट के निशान है,ट्रेन से कटकर मौत की ग्रामीणों में चर्चा हो रही है,मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के चमंधा रेलवे लाइन पर एक 45 वर्षीय अधेड़ युवक का दो टुकड़ों में शव मिलने से हड़कंप मचा हुआ है,मृतक ने नारंगी रंग की बनियान,चेक दार शर्ट और कॉफी कलर की पेंट पहन रखी है,मृतक के जेब से पहचान का कोई भी सामान पुलिस को नही मिला है जिससे मृतक की शिंनाख्त नही हो सकी है।घटना की सूचना पर भरवारी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।



### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात अधेड़ महिला का शव

**अझुवा कौशाम्बी।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग सिराथू रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन के पास आज गुरुवार को रेल ट्रैक पर अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर शिनाख्त में जुट गई, खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है महिला की उम्र तकरीबन 50 वर्ष बताई जा रही है।

## संपादक की कलम से

# जीवन की आपाधापी में क्या जी रहे हैं हम?

आज के अशांत युग में शांति परमावश्यक है। कल कारखानों के शोर, यातायात के साधनों का शोर, जीवन की आपाधापी आज बाहरी तथा भीतरी अशांति को जन्म दे रही है। इसके कारण तनाव, डिप्रेशन का जन्म हो रहा है। प्रकृति की हरियाली व शांत प्राकृतिक दृश्यों की कमी लोग अनुभव करने लगे हैं। नगरों से दूर लोग ग्रामीण शांत वातावरण में रहना पसंद करने लगे हैं। यह मनःस्थिति शांति की उपयोगिता को प्रदर्शित करती है। आज हम जिस समय में रह रहे हैं वह अनेक तरह से विलक्षण है। देखा जाए तो हर समय अनूठा होता है। लेकिन आज का दौर विशेष तौर पर आपाधापी, जीवन संघर्ष, कटुताओं, वैचारिक संकीर्णताओं, निराशा, हताशा जैसे अवसादों से भरा है। आज के इस आपाधापी भरे जीवन में अपना अस्तित्व बनाए रखना और अपनी जमीन पर खड़े रहना पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। समय के साथ बढ़ती हमारी अपेक्षाएं और आकांक्षाएं व जरूरतें हमें दिन-रात परेशान करती रहती है। जो है वह खूबसूरत है हमने कब ये सोचा? सादगी की अवधारणाएं अब कहीं कूड़े में जा चुकी है। हमारी जितनी जरूरत है उतना हमारे पास हैं फिर भी हम संतुष्टि भरा जीवन नहो जी पा रहे हैं और यह असंतोष ही हमें लगातार भागने के लिए विवश करता है। हमें यह कतई सहन नहीं होता कि कोई हमसे आगे निकल जाए और इस दौड़ में हम उस सुख को जीना भूल जाते हैं जो ईश्वर ने हमें दिया है। यही कारण है कि हमारा तनाव बढ़ता है और रक्तचाप उच्च स्तर पर जाता है। जीवन की आपाधापी में हमें कुछ देर कहीं बैठकर सोचने का वक्त ही नहीं मिला कि क्या सही है और क्या गलत?

जब हम अपने युवा जीवन की शुरूआत करते हैं तो, हमारा मन सबकुछ पाने को लालायित रहता है। हमें पैसे के साथ साथ नाम कमाने की भी चाह होती है। ये चाहत काफी हद तक सही भी है। पर, इसके चक्कर में परिवार और अपनी खुशियों को अहमियत न देना गलत है। अपनी जिम्मेदारियों और अपनी खुशियों के साथ समझौता किसी भी हाल में सही नहीं हो सकता। जीवन में आपका पैसा और नाम कमाना या कामयाब इंसान बनना जितना जरुरी है उतना ही जरुरी छोटी छोटी खुशियों को महसूस करना भी है। अगर आप इन पलों को भूलकर बस आगे बढ़ने में लगे हैं तो आपको एक दिन इस बात का दुःख जरूर होगा की मैंने क्या कुछ खोया थोड़ा सा पाने के चक्कर में? जिन स्थितियों से तनाव उत्पन्न होता है उनसे अशांति मिलती है । आधुनिक शोधों से ज्ञात होता है कि लगभग पचहत्तर प्रतिशत रोगों का कारण तनाव होता है। आज हम बिना ठहरे बस भागते जा रहे हैं, भागते जा रहे हैं। और यही कारण है कि हमारे जीवन में एक दौर ऐसा आता है जब हम निराश और उदास लोगों से गिर जाते हैं। हमें लगता है कि कोई भी अपनी वर्तमान स्थिति से संतुष्ट नहीं है। आज जो हमें मिला है वह अपर्याप्त है। क्या कभी हम दूसरे कोण पर भागती हमारी जिंदगी का पहले कोण से मुआयना कर पाएंगे। अब सोचिए।।। क्या हमारे जीवन में उदासी और अवसाद का यह दौर ऐसे ही चलता रहेगा? क्या हमारे जीवन में कभी सकारात्मकता नहीं आएगी? यहां सकारात्मक होने का मतलब यह नहीं है कि जो गलत है उसे हम बेवजह सकारात्मकता के लिफाफे में लपेटकर स्वीकार करें। गलत को गलत ही कहा जाना चाहिए और उसका विरोध भी होना चाहिए। लेकिन हमें अनावश्यक नकारात्मकता से बचना चाहिए। मैं आज के समाज में और विशेष रूप से सोशल मीडिया के इस युग में देखती हूं कि हम चीजों को बिना जाने, बिना मामले की तह में पहुंचे किसी की आलोचना, निंदा करने और घटिया शब्दों का प्रयोग करने से भी नहीं बाज आते।

# राष्ट्र को संगठित करने वाले महायोद्धा थे सरदार पटेल



कर्मवीर व्यक्तियों का जीवन विलक्षण होता है, वे अपने जीवन काल में तथा उसके बाद प्रेरणास्त्रोत बने रहते हैं। इतिहास अक्सर ऐसे महान- लोगों से ऐसा काम करवा देता है जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक ऐसे महान- इंसान बनते हैं तो उनका कद सहज ही बड़ा बन जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ऐसे ही विराट व्यक्तित्व के धनी एवं कर्मवीर महापुरुष थे। वे एक राजनेता ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि इस देश की आत्मा थे। राष्ट्रीय एकता, भारतीयता एवं राजनीति में नैतिकता की वे अद्भुत मिसाल थे। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है। उन्हें 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। पटेल की राष्ट्रीयता को संगठित करने की बुलंद एवं विलक्षण उपलब्धियां उम्र के पैमानों में इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फामूर्ला छोटा पड़ जाता है। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वे इस माटी के लिए किये गये उल्लेखनीय अवदानों के लिए सदियों तक याद किये जायेंगे। उनका जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 15 दिसम्बर उनका निर्वाण दिवस है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र का भाग्य रचा, उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाड में हुआ। वे कृषक परिवार से थे। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल एवं माता का नाम लाडबा देवी है। वे उनकी चौथी संतान हैं। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल की शिक्षाएं, जीवन-आदर्श एवं राष्ट्र को प्रदत्त अवदान हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार एवं सोच जहां हमारे लिये जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का आधार है वहीं राष्ट्रीयता के खुद को न्यौछावर कर देने की प्रेरणा है। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसकी अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे।

सरदार पटेल का जीवन और दर्शन भातीयता को सुदृढ़ करने में नियोजित करने में लगा रहा है। एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है। आज जब देश आजाद है, आत्मनिर्भर है तो वैचारिक मतभेद उसके विकास में बेड़ियाँ बनी हुई हैं। आजादी के पहले इस स्वार्थी दृष्टिकोण एवं स्वहित की भावना का फायदा अंग्रेज उठाते थे और आज देश के राजनीतिक लोग। देश में एकता के स्वर को सबसे ज्यादा बुलंद सरदार पटेल ने किया था। उनकी सोच, उनका दर्शन, उनकी राष्ट्रीयता के कारण ही आज हम एकसूत्रता में बंध हुए हैं। उनकी सोच युवा जैसी नयी सोच थी। वे सदैव देश को एकता का संदेश देते थे। राष्ट्रीयता को उन्होंने केवल परिभाषित ही नहीं किया बल्कि उसे संगठित करके दिखाया। वे अपने निजी त्याग, राष्ट्रीयता के प्रति सर्वस्व बलिदान कर देने की भावना एवं कठिन जीवनचर्या को वर्चस्वी बनाकर किसी पर नहीं थोपते अपितु व्यक्ति की स्वयं की कमजोरियों को उसे महसूस करवाकर उससे उसको बाहर निकालने का मानवीय स्पर्श करते थे। आपने ह्यसालह्न का वृक्ष देखा होगा- काफी ऊंचा ह्यशीलह्न का वृक्ष भी देखें- जितना ऊंचा है उससे ज्यादा गहरा है। सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व में ऐसी ही ऊंचाई और गहराई थी। जरूरत है इस गहराई को मापने की। उन्हें भारतीय राजनीति का आदर्श बनाकर प्रस्तुत करने की।

सरदार पटेल ने आजादी के ठीक पूर्व ही पीवी मेनन के साथ मिलकर कई देसी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। पटेल और मेनन ने देसी राजाओं को बहुत समझाया कि उन्हे स्वायत्तता देना सम्भव नहीं होगा। इसके परिणामस्वरूप तीन को छोड़कर शेष सभी रजवाडों ने स्वेच्छा से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। केवल जम्मू एवं कश्मीर, जूनागढ तथा हैदराबाद के राजाओं ने ऐसा करना नहीं स्वीकारा। जूनागढ के नवाब के विरुद्ध जब बहुत विरोध हुआ तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और जूनागढ भी भारत में मिल गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहाँ सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। यह असंभव जैसा कार्य सरदार पटेल की निडरता, साहसिकता एवं जुझारूपन के कारण ही संभव हो पाया। वे अपनी विलक्षण सोच एवं अद्भुत कार्यक्षमता से असंख्य लोागों के प्रेरक बन गए। उनका जीवन एक यात्रा का नाम है- आशा को अर्थ देने की यात्रा, ढलान से ऊंचाई देने की यात्रा, गिरावट से उठने की यात्रा, मजबूरी से मनोबल की यात्रा, सीमा से असीम होने की यात्रा, जीवन के चक्रव्यूह से बाहर निकलने की यात्रा, परतंत्रता से स्वतंत्रता की यात्रा, विखराव से जुड़ाव की यात्रा। उनका अभियान सफल हुआ और यह देश एकता के सूत्र में बंधा। उस महापुरुष के मनोबल को प्रणाम।

सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं उपलब्धियों का समवाय है जिसमें सर्वत्र देश के लिए त्याग भावना एवं कुछ नया करने का जज्बा दिखाई देता है। उन्होंने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध खेड़ा सत्याग्रह और बरडोली विद्रोह का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। 1922, 1924 और 1927 में अहमदाबाद नगर निगम के अध्यक्ष चुने गए। 1931 में कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बने। भारत के राजनैतिक एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार पटेल को 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया जिससे पुरे गुजरात में आन्दोलन और तीव्र हो गया और ब्रिटिश सरकार गाँधी और पटेल को रिहा करने पर मजबूर हो गयी। इसके बाद उन्हें मुंबई में एक बार फिर गिरफ्तार किया गया। महात्मा गाँधी के प्रति सरदार पटेल की अटूट श्रद्धा थी। गाँधीजी की हत्या से कुछ क्षण पहले निजी रूप से उनसे बात करने वाले पटेल अंतिम व्यक्ति थे। उन्होंने सुरक्षा में चूक को गृह मंत्री होने के नाते अपनी गलती माना। उनकी हत्या के सदमे से वे उबर नहीं पाये। गाँधीजी की मृत्यु के दो महीने के भीतर ही पटेल को दिल का दौरा पड़ा था।

सरदार पटेल की पंडित जवाहरलाल नेहरू से अच्छी मित्रता एवं मधुर संबंध थे, लेकिन कई मसलों पर दोनों के मध्य मतभेद भी थे। कश्मीर के मसले पर दोनों के विचार भिन्न थे। कश्मीर मसले पर संयुक्त राष्ट्र को मध्यस्थ बनाने के सवाल पर पटेल ने नेहरू का कड़ा विरोध किया था। कश्मीर समस्या को सरदर्द मानते हुए वे भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय आधार पर मामले को निपटाना चाहते थे। इस मसले पर विदेशी हस्तक्षेप के वे खिलाफ थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के चुनाव के पच्चीस वर्ष बाद चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने लिखा था- ह्लनिस्संदेह बेहतर होता, यदि नेहरू को विदेश मंत्री तथा सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनाया जाता। यदि पटेल कुछ दिन और जीवित रहते तो वे प्रधानमंत्री के पद पर अवश्य पहुँचते, जिसके लिए संभवतः वे योग्य पात्र थे। यदि ऐसा होता तो भारत का नक्शा और दूसरा ही होता। ऐसे महान- राष्ट्रीयता के प्रेरक महामना को प्रणाम!

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई पी एक्सटेंसन, पटपड़गंज**
**दिल्ली-110092**
**फोनः-22727486, मोबाईलः- 9811051133**

# एक सदा यादगार त्रासद दास्तां ! इन्दिरा गांधी की एमर्जेंसी-1975 !!

के. विक्रम राव

समकालीन इतिहास की अत्यंत त्रासद घटना पर बनी कंगना रानौत की फिल्म ह्लएमर्जेंसीह्व अब नूतन वर्ष में दिखाई जाएगी। गत माह की तारीख थी, स्थगित हो गई है। फिलहाल जब भी यह फिल्म दर्शकों के समक्ष पेश होगी, यह तयशुदा तौर पर तूफान लाएगी। कथानक ही इसका ऐसा है। चूंकि मैं स्वयं उस अंधेरे दौर में तेरह महीने भारत के पांच जेलों में कैद रहा, मेरा इस फिल्म से विशेष लगाव है। तानाशाही के खिलाफ यह जेहाद था। आम जन का। चूंकि काले के साथ सफेद ज्यादा चमकदार दिखता है। इसीलिए इसकी दर्शनीयता ज्यादा आकर्षक है।

मणिकर्णिका फिल्म द्वारा निर्मित इस चलचित्र का निर्देशन और निर्माण कंगना रनौत के जरिए किया गया है। फिल्म की पटकथा रितेश शाह ने लिखी है। फिल्म में कंगना के अलावा सतीश कौशिक, मिलिंद सोमन, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े और महिमा चौधरी जैसे सितारे खास रोल में हैं।

इस फिल्म की भयावहता का अनुमान इसी से लग जाता है कि सरकारी वकील (नीरेन डे) ने 1975 में सुप्रीम कोर्ट को खुलेआम बताया था कि सरकार को नागरिक के प्राण ले लेने का भी अधिकार है। फिर हजारों विरोधियों को डेढ़ साल तक जेलों में बंद रखा गया। बिना अदालती कार्यवाही के। यह सब आधुनिक इतिहास है।

अभिनेत्री कंगना की यह फिल्म बहुप्रतीक्षित है। एक पोस्ट में लिखा कंगना ने : ह्लप्रिय मित्रों, मुझे एक घोषणा करनी है। 'इमरजेंसी' एक कलाकार के रूप में मेरे जीवन की सीख और कमाई है।

'इमरजेंसी' मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म ही नहीं है बल्कि एक व्यक्ति के रूप में मेरे मूल्यों की परीक्षा है। फिल्म के टीजर और पोस्टर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हम सभी को प्रोत्साहित किया है। मेरा दिल कृतज्ञता से भरा है और मैं जहां भी जाती हूं लोग मुझसे 'इमरजेंसी' की रिलीज डेट के बारे में पूछते हैं।ह्व

अभिनेत्री ने रिलीज की तारीख को टालने की जानकारी साझा करते हुए लिखा, ह्लमैंने 'इमरजेंसी' रिलीज की तारीख 24 नवंबर 2023 घोषित की थी, लेकिन मेरी अन्य फिल्मों के कारण इस फिल्म को 2024 में रिलीज करने का फैसला किया है। नई रिलीज डेट जल्द ही घोषित की जाएगी।ह्व





कंगना रनौत ने उन दावों का खंडन किया कि उनकी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' का उद्देश्य कांग्रेस को खराब रोशनी में दिखाना अथवा भाजपा का पक्ष लेना है। यह फिल्म स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर आधारित है।

कंगना ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने धमकाया था। ह्लमैंने खुद इमरजेंसी में श्रीमती गांधी की बायोपिक पर काम किया है। निक्सन ने उन्हें बहुत बुरी तरह से ट्रीट किया था। मीडिया में बोला था। बुली किया था। (जब मैंने इंदिरा गांधी पर शोध किया, तो मुझे पता चला कि रिचर्ड निक्सन ने उन्हें कैसे धमकाया था)। लेकिन अब, हिंसा से और केवल प्रेम से, पीएम मोदी सचमुच मानवता की मशाल थामे हुए हैं। हम, भारतीय बहुत गर्व महसूस करते हैं।ह्व

प्रोमो में अनुपम खेर कहते हैं : ह्लभारत के इतिहास की सबसे अंधेर घड़ी आ चुकी है। सरकार राज नहीं, अहंकार राज है ये। ये हमारी नहीं, इस देश की मौत है। इस तानाशाही को रोकना होगा।ह्व इसके बाद कंगना की आवाज आती है : ह्लमुझे इस देश की रक्षा करने से कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि इंडिया इंदिरा है और इंदिरा इंडिया है।ह्व

कंगना रनौत कहती हैं : ह्लइमरजेंसी हमारे इतिहास के सबसे काला अध्यायों में से एक है, जिसे युवा भारत को जानना जरूरी है। यह एक महत्वपूर्ण कहानी है। मैं इस रचनात्मक यात्रा को एक साथ शुरू करने के लिए प्रतिभाशाली एक्टर सतीश कौशिक, अनुपम खेर, श्रेयश, महिमा और मिलिंद की शुक्रगुजार हूं। मैं भारत के इतिहास के इस उल्लेखनीय प्रसंग को बड़े पर्दे पर लाने के लिए उत्साहित हूं। जय हिंदह्व ! लोकतंत्रप्रेमी, स्वाधीनता के लिए संघर्षरत भारतीयों को इस फिल्म की प्रतीक्षा रहेगी।

# जागरूकता से ही रूक सकते हैं महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध।

देश में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराध गंभीर चिंता का विषय हैं। महिला अपराधों की यहां अगर हम बात करें तो महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में बलात्कार, हत्या के साथ बलात्कार, दहेज, तेजाब हमले, आत्महत्या के लिए उकसाना, अपहरण, जबरन शादी, मानव तस्करी, आनलाइन उत्पीड़न जैसे अपराध शामिल किए जा सकते हैं। एनसीआरबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई, जबकि बलात्कार के मामले 12 प्रतिशत तक बढ़ गये। बीते 10 वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 75 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज हुई है। यह गंभीर और संवेदनशील है कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2021 में महिलाओं के विरुद्ध प्रति घंटे उनचास अपराध दर्ज किए गए। यानी एक दिन में औसतन छियासी मामले दर्ज किए गए। 2021 में बलात्कार के 31,677 मामले दर्ज हुए, जबकि 2020 में यह संख्या 28,046 थी। इसी तरह अगर राज्यवार महिलाओं के विरुद्ध अपराध की दर देखी जाए तो राजस्थान (6,337) पहले स्थान पर है, फिर मध्य प्रदेश (2,947), महाराष्ट्र (2,496), उत्तर प्रदेश (2,845) और दिल्ली (1,250) हैं। बहरहाल , यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में हाल ही में छपी एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) बताती है कि वर्ष 2022 में यानी कि पिछले साल राजस्थान में बलात्कार के 5399 मुकदमे दर्ज हुए, जो कि देश में



सर्वाधिक है। दूसरे शब्दों में कहें तो एनसीआरबी की रिपोर्ट में महिला उत्पीडन में राजस्थान टाप पर है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2022 के दौरान 45,058, वर्ष 2021 के दौरान 40,738 तथा वर्ष 2020 में 34,535 महिला उत्पीडन केस दर्ज हुए, इनमें जयपुर में वर्ष 2022 में 3479, वर्ष 2021 में 2827 और वर्ष 2020 में 2369 केस दर्ज किए गए। यहां पर बहुत ही संवेदनशील और चिंताजनक पहलू यह है कि बलात्कार मामलों को लेकर सुर्खियों में रहे राजस्थान में सर्वाधिक प्रकरण भीलवाड़ा में दर्ज हुए। भीलवाड़ा, भरतपुर, उदयपुर, अलवर और अजमेर राजस्थान प्रदेश में बलात्कार के सर्वाधिक केस वाले क्षेत्र रहे हैं। यदि हम यहां आंकड़ों पर गौर करें तो भीलवाड़ा में कुल 301, भरतपुर में 288, उदयपुर में 283, अलवर में 253 तथा अजमेर में 206 बलात्कार के केस पाये गये हैं। कुछ समय पहले कोटड़ी क्षेत्र के भट्टी कांड की गूंज पूरे देश में सुनाई दी थी। इतना ही नहीं, विधानसभा चुनाव के दौरान भी बलात्कार की घटनाएं सुर्खियों में रहीं।

जानकारी देना चाहूंगा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में राजस्थान में बलात्कार के मामलों में भीलवाड़ा जिला पहले, भरतपुर दूसरे तथा उदयपुर जिला तीसरे स्थान पर रहा। राजस्थान में बलात्कार के सर्वाधिक 5399, उत्तर प्रदेश में 3690, मध्यप्रदेश में 3029 और महाराष्ट्र में 2904 मुकदमे दर्ज हुए। यह लगातार चौथा साल है, जब राजस्थान में बलात्कार के सर्वाधिक मामले सामने आए। राजस्थान में वर्ष 2019 में 5997, वर्ष 2020 में 5310, वर्ष 2021 में 6337 और वर्ष 2022 में 5399 केस दर्ज हुए। हालांकि भारत में अपराध पर एनसीआरबी रिपोर्ट 2022 के अनुसार यदि हम समग्र अपराध आंकड़ों की यहां बात करें तो वर्ष 2021 की तुलना में मामलों के पंजीकरण में 4.5% की गिरावट देखी गई है लेकिन राजस्थान के आंकड़े अचंभित करते हैं। एनसीआरबी रिपोर्ट वर्ष 2022 यह भी बताती है कि अपराध दर में गिरावट आई है। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर वर्ष 2021 के 445.9 से घटकर 2022 में 422.2 हो गई।

## लुप्त हो रहीं हैं भारतीय भाषाएँ

हम लोग जो खुद को पढ़ा-लिखा समझते हैं कितने ही मामलों में हम कितने अनपढ़ हैं इसका एहसास तब होता है जब हम किसी विद्वान को सुनते हैं। ऐसा ही अनुभव पिछले हफ़्ते हुआ जब बड़ौदा से आए प्रोफेसर गणेश एन देवी का व्याख्यान सुना। प्रो देवी के व्याख्यान आजकल दुनिया के हर देश में बड़े चाव से सुने जा रहे हैं। उनका विषय है भाषाओं की विविधता और उस पर मंडराता संकट। इस विषय पर उन्होंने दशकों शोध किया है। भाषा, संस्कृति और जनजातीय जीवन पर वे 90 से ज्यादा पुस्तकें लिख चुके हैं। भाषाओं पर उनके गहरे शोध का निचोड़ यह है कि भारत सहित दुनिया भर में क्षेत्रीय भाषाएँ बहुत तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। इससे लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। कारण भाषाओं की विविधता और उससे जुड़े समाज और पर्यावरण की विविधता से लोग सशक्त होते हैं। पर जब उनकी भाषा ही छिन जाती है तो उनके संसाधन, उनकी पहचान और उनकी लोकतांत्रिक ताकत भी छिन जाती है। यह एक गंभीर विषय है जिसे पाठक ध्यान देकर पढ़ें तो उन्हें हैरानी होगी। प्रो देवी ने बताया कि भारत के पिछले सत्तर हजार वर्ष के इतिहास में जब-जब हमारी भाषा बदली तब- तब भारत का नवनिर्माण हुआ। नई संस्कृति, नया धर्म, नये रीति रिवाज और नया राजनैतिक ढाँचा बनता रहा और कुछ सदियों के बाद बिगड़ता रहा है। पुरानी कहावत है कि कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर वाणी इस कहावत का अर्थ है कि लगभग हर डेढ़ किलोमीटर पर पानी के स्वाद में बदलाव आ जाता है और लगभग साढ़े छह किलोमीटर पर भाषा बदल जाती है। भारत का कुल क्षेत्रफल बत्तीस लाख सत्तासी हजार दो सौ तिरसठ वर्ग कि. मी. है। इस हिसाब से भारत में लगभग पाँच लाख प्रकार की बोलियाँ बोली जातीं थीं। जो 2011 के भाषाई सर्वेक्षण में घट कर लगभग 1369 ही रह गई हैं। यही हाल रहा तो हमारी भाषाएँ घट कर 2031 तक 500, 2041 तक 200 और 2051 तक केवल 100 रह जाएँगी।

# रोजगार का अनुभव न होने-दूरी बाबत रिजेक्ट आवेदन करें मंजूर: डीएम

## शाखा प्रबंधकों से डीएम ने की बैठक, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र से खफा हुए डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पीएमएफएमई, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन की समीक्षा में सभी शाखा प्रबंधकों से कहा कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने को बैंकों के कोऑर्डिनेटर सही ढंग से आवेदनों की समीक्षा नहीं हो पा रही थी, शाखा प्रबंधकों की इसीलिए बैठक बुलाई है।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग बैठकों में हिस्सा लेकर विभिन्न योजनाओं के आवेदनों का सही ढंग से निस्तारित करेंगे। लोग उद्यम लगाकर रोजगार से जुड़ सकेंगे।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम को निर्देश दिए कि इंडियन बैंक, स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, बीओबी बैंक के शाखा प्रबंधक बैठक में हाजिर नहीं है, उन्हें शनिवार को बुलाया जाए। उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र के प्रति नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि अपने स्तर से परीक्षण कर आवेदन पत्र संबंधित बैंकों को भेजें। गलत आवेदन पत्र बैंकों में भेजे जायेंगे तो, वे कार्यवाही करेंगे। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि शासन ने बैंकों के सर्विस एरिया बाबत निर्देश दिए हैं, सभी बैंकों को पत्र जारी करें, ताकि क्षेत्र के आवेदन मंजूरी में समस्या न हो।

उन्होंने शाखा प्रबंधकों से कहा कि उद्यान, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, आजीविका मिशन आदि विभिन्न योजनाओं के आवेदन जो ऋण मंजूरी को बैंकों में लंबित हैं, प्रत्येक दशा में एक सप्ताह मे निस्तारित करें। जिन शाखाओं ने विभिन्न योजनाओं के आवेदन रोजगार का अनुभव न होने तथा दूरी से संबंधित कर रिजेक्ट किए हैं, उन्हें मंजूर किया जाये। स्वयं सहायता समूह के मंजूर ऋण को पोर्टल पर फीड करायें। डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिए कि सभी बैंकों में जाकर निस्तारित करायें। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में जो ई-रिक्शा के फाइनेंस को निर्देश मिले हैं, सभी बैंक अधिक से अधिक लोगों को लाभ दें। जिन योजनाओं पर अभ्यर्थी कार्य नहीं करना चाहते, उनके आवेदन निरस्त किए जायें। प्रधानमंत्री खाद्य सूक्ष्म योजना के आवेदन विभिन्न विभागों के लंबित होने पर बैंक शाखा प्रबंधकों से कहा कि तत्काल आवेदनों को निस्तारित करें।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक सियाराम द्विवेदी, इन्वेस्ट यूपी उद्यमी मित्र सुधा सिंह समेत संबंधित अधिकारी व शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

## जंगल में जहरीला पानी पीने से दस बकरियों की मौत, शिकारियों ने मिलाया जहर

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व के जंगल के तालाब का जहरीला पानी पीने से दस बकरियों की मौत हो गई। आशंका जताई कि किसी ने वन्य प्राणियों के शिकार करने को पानी में जहर मिलाया था।

ये हादसा बुधवार की देर शाम रानीपुर कल्यानगढ़ में हुआ। बताया गया कि जुड़ावन कोल की बकरियां जंगल में चरने गई थी। वहां जंगल में भरे गड्ढे के पानी को पीने से बकरियों की मौत हो गई। जुड़ावन कोल ने बताया कि रोज की भांति वे अपनी-अपनी बकरियां चराने छिरहाई के जंगल गये थे। प्यासी बकरियां पानी पीने की गरज से पास के गड्ढे से पीने लगीं। पानी पीने के दस मिनट बाद बकरियां तड़पने लगी। कुछ पल में ही एक-एक कर बकरियों की मौत हो गई। घबराए



जहरीले पानी से मरी बकरियां।

बकरी मालिकों को संदेह हुआ तो अन्य बकरियों को पानी पीने से रोका।

आशंका है कि रानीपुर टाइगर रिजर्व छेरिहाई के जंगल भीतर गड्ढे का पानी पीने वन्य जीव आते हैं। शिकार की गरज से शिकारियों ने पानी में यूरिया मिला दिया होगा। पानी जहरीला हो गया, इससे हादसा हुआ होगा।

# ज्वार-बाजरा के खुले खरीद केन्द्र: झा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि जिले में पहली बार ज्वार/बाजरा के सरकारी क्रय केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं।

गुरुवार को जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि कर्वी मण्डी, पहाडी मण्डी, बरगढ मण्डी, मानिकपुर मण्डी, मऊ पीडीएस गोदाम व बसिला मण्डी में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत ज्वार/बाजरा की खरीद 31 दिसम्बर तक की जाएगी। 2023-24 में बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 25 सौ रुपये प्रति कुन्तल, ज्यार का 3180 रुपये प्रति कुन्तल व ज्वार का मालदण्डी मूल्य 3225 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित है। बाजरा-ज्वार की बिक्री को खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट एवं विभाग के मोबाइल



बैठक में बताते अविनाश झा।

पर पंजीकरण किया जा रहा है। किसान आनलाइन पंजीयन किसी भी साइबर कैफे या जन सूचना केन्द्र से करा सकते है।

बिक्री को बाजरा/ज्वार के मूल्य का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में करने की व्यवस्था है। पंजीकरण एवं बिक्री को किसी भी सहायता को किसान भाई टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 या जिले के जिला खाद्य विपणन अधिकारी के मोबाइल नम्बर 9140036127, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी मऊ/मानिकपुर श्रीमती अमिता श्रीवास्तव के मोबाइल नम्बर 7984939041, तहसील कर्वी/राजापुर अमित कुमार माठे के मोबाइल नम्बर 9340331822 पर या ब्लाक के विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते है।

## 15 से 31 तक चलेगा सडक सुरक्षा पखवाडा: डीएम

अखंड भारत संदेश



डीएम अभिषेक आनन्द।

**चित्रकूट।** जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनन्द ने बताया कि प्रदेश शासन के निर्देश पर ठंडी में सड़क हादसों से होने वाली मौतों की तादाद में कमी लाने की गरज से एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग, इमरजेंसी केयर व इनवायरमेंट पर जोर देते हुए एकजुट होकर सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभागों की कार्य योजना बनाई जायेगी। गुरुवार को जिला मजिस्टेज्ट अभिषेक आनन्द ने बताया कि परिवहन, गृह, लोक निर्माण, चिकित्सा, शिक्षा की कार्य योजना पर 2023-24 में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15 से 31 दिसंबर तक मनाया जाएगा। संबंधित अधिकारियों से कहा कि द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े को सफल बनाने को संबंधित विभागों से तालमेल करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराई जाये, ताकि अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो सके।

## दम्पति के विवाद को पुलिस ने टूटने से बचाया



विवाद सुलझाती टीम।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर महिला थाना की पुलिस टीम ने दम्पति के विवाद को सुलझाकर परिवार को टूटने से बचाया।

गुरुवार को शान्ति नगर छतरपुर गली नं-2 सेन बिल्डिंग के सामने की श्रीमती रागनी श्रीवास पत्नी नितेश श्रीवास हाल मुकाम भौंरी थाना रैपुरा ने महिला थाना में सौंपे पत्र में कहा कि पति नितेश श्रीवास पुत्र कमलेश श्रीवास, सास राजकुमारी पत्नी कमलेश कुमार, ससूर कमलेश कुमार, ननद मीनू देवी पत्नी रविशंकर निवासी गली नं-2 सेन बिल्डिगं के सामने शान्ति नगर छतरपुर ने उसके साथ गाली-गलौज कर घरेलू विवाद को लेकर मारपीट करते हैं।

दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी की टीम ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने व पारिवारिक दायित्यों का सही ढंग से निर्वहन करने की सलाह दी। दोनों पक्ष राजी होकर खुशी-खुशी घर गये। टीम में दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी, महिला सिपाही सोना यादव, रीता यादव व नीतू द्विवेदी शामिल रही।

## आज निकलेगी शोभा यात्रा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति के आरएसएस के जिला प्रचारक पुनीत व नगर कार्यवाह विजयकिशोर तथा संगठन मंत्री विहिप ऋषभ ने बताया कि 15 दिसम्बर को श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की शोभा यात्रा चित्रकूट इंटर कालेज से निकलकर रामलीला भवन पुरानी बाजार कर्वी में समाप्त होगी। गुरुवार को उन्होंने बताया कि श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की शोभा यात्रा के बाद अखंड रामायण 15 दिसम्बर को होगी। 16 दिसम्बर को पुरानी बाजार केशव कुन्ज संघ कार्यालय में अखंड रामायण के बाद भंडारा होगा। 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम की राम जन्मभूमि पर बन रहे मन्दिर भूतल के गर्भग्रह में प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। इसे लेकर जिले में भी कार्यक्रम होंगे।

## अपहरण का वांछित दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा मेवालाल मौर्या चैकी सीतापुर ने सिपाही अतुल परिहार के साथ अपहरण के वांछित आर्यन उपाध्याय पुत्र जगदीश उपाध्याय निवासी कस्बा पहाड़ी को गिरफ्तार किया।

# डिफेंस कारिडोर को भूमि क्रय बाबत हुआ विचार-विमर्श

### डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा के साथ डिफेंस कॉरिडोर को भूमि क्रय बाबत विचार विमर्श किया।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि राजापुर के चार गांव आ रहे हैं, कुछ गांव की चकबंदी की समस्या है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये हैं कि गाटा बनाकर, सर्वे कर तीन दिन में दें। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से यमुना नदी से पानी लाने बाबत जानकारी ली। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि रोड किनारे से पाइपलाइन शिफ्ट की जायेगी। राजापुर-पहाड़ी हाईवे जो वनाच्छादित हैं, एनओसी बाबत जानकारी ली। सिंचाई विभाग व लघु डाल से भी एनओसी देने के निर्देश दिये। अपर मुख्य कार्यपालक



बैठक में बोलते अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी।

अधिकारी ने कहा कि वन विभाग, जल निगम व नेशनल हाईवे संयुक्त रूप से सर्वे कर पाइपलाइन कहां से डाली जाये। वन विभाग व राष्ट्रीय राजमार्ग कितने फीसदी आ रहा है, सर्वे कर बतायें। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि एक एमएमडी व चार एमएलडी रा वॉटर, एक से डेढ़ एमएलडी ड्रिंकिंग वॉटर क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। एक्सईएन जल निगम को निर्देश दिये कि सीवर व वाटर सप्लाई को एसटीपी बनवायें। डिफेंस बाबत समस्याओं की जानकारी ली। भरतकूप से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से देवांगना एयरपोर्ट तक एक्सप्रेसवे बाबत जिलाधिकारी ने कहा कि भरतकूप के पास स्कूलों से आ रही रोड को शिफ्ट किया जाए, सर्वे करायें। गाइड लाइन अनुसार पांच सौ मीटर रोड से क्रेशर लगाने की जगह अब ढाई सौ मीटर पर लगेंगे। जो स्कूल, क्रेशर, बिल्डिंग आ रहे हैं, उसे चिन्हित कर कार्य करें। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि टीम बनाकर जल्द करायें। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी हरी प्रताप शाही, विशेष कार्याधिकारी भू-अर्जन यूपीडा चुनकू राम पटेल, वरिष्ठ भू-अर्जन अधिकारी सियाराम मौर्य, एक्सईएन पीआई-4 बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे यूपीड़ा चंद्रभूषण, स्टाफ ऑफिसर/विशेष कार्याधिकारी डीपी सिंह, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, प्रभागीय वनाधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक दिलीप कुमार तिवारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी कर्वी राजीव रंजन सिंह, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, तहसीलदार कर्वी अमित कुमार त्रिपाठी समेत यूपीडा के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# नामांकन के पहले दिन 11 ने दाखिल किये पर्चे, अधिवक्ता संघ चुनाव में आई गर्माहट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए संजय करवरिया, सुरेश पटेल प्रभु, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद को शिवकुमार सिंह, महामंत्री पद को मनोज कंचनी, पंकज त्रिपाठी, सचिन श्रीवास्तव, राजेश चैहान, चन्द्रमौलि मिश्रा, राजकुमार यादव व कोषाध्यक्ष पद को मनमोहन चतुर्वेदी, गवर्निंग काउंसिल पद पर लवकुश गौतम ने पर्चा दाखिल किया है।

गुरुवार को कचहरी परिसर में



चुनाव को लेकर वकीलों की बैठक।

हुई बैठक का संचालन करते हुए नरेन्द्र सिंह लल्ला एड व वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि कचहरी परिसर में एक फ्रेंचाइजी डाकघर की जरूरत है। निर्वाचित अध्यक्ष को पहल करनी चाहिए। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड ने कहा कि अधिवक्ता संघ चुनाव एक पर्व है, सभी अधिवक्ता एक हैं। चुनाव में आपसी तालमेल जरूरी है। चुनाव आते-जाते रहते हैं, अधिवक्ता बुद्धजीवी समाज से है। जिस प्रत्याशी ने अधिवक्ता हित मे काम किया होगा, वह चुनाव जीतेगा। जो चुनाव में सफल नहीं होता, उसे निराश न हो कर निःस्वार्थ अधिवक्ता हितों पर कार्य करते रहें। आगामी चुनाव में सफलता मिलेगी।

कचहरी परिसर में लाइब्रेरी, महिला अधिवक्ताओं को शेड, फ्रेंचाइजी डाकघर महत्वपूर्ण हैं। ये मांगे काफी समय से हो रही हैं, पूरी न होने से अधिवक्ताओं में रोष है। कुंवर रोहित सिंह ने कहा कि कचहरी परिसर में सुलभ शौचालय की जरूरत है। बैठक में जितेन्द्र उपाध्याय, अनिल त्रिपाठी, अलौकिकानन्द मिश्रा, विकास निगम, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण त्रिपाठी, विनीत पयासी, कमलाकांत, पूर्व कोषाध्यक्ष देवशरण मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष अरुण टाइगर, सुरेन्द्र पयासी, लवकुश गौतम, पूर्व प्रवक्ता लक्ष्मण कुशवाहा, त्रिभुवन सिंह यादव, आशीष यादव, धर्मराज सिंह, अनूप गुप्ता, माधव विश्वकर्मा, आशीष शुक्ला, केके मिश्रा, कुशल पाण्डेय, अभिषेक कश्यप, अजीत कुमार, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने एसपीसी के छात्रों को पढाया सहनशीलता का पाठ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राजकीय हाईस्कूल अशोह, राजकीय हाईस्कूल नोनार, राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौहानी कला में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के छात्रों को सहनशीलता के गुण, सहनशीलता के प्रकार, सहनशीलता की जरूरत, समाज में सहनशीलता की भूमिका विषयों बाबत पढ़ाया।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी/सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना पहाड़ी के एसपीसी पुलिस अधिकारी दरोगा विपिन कुमार मिश्रा की टीम ने विभिन्न कालेजों में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स के छात्रों को सहनशीलता का पाठ पढाया। स्टूडेंट्स



पाठ पढाते दरोगा विपिन कुमार मिश्रा।

पुलिस कैडेट की छात्राओं को सुरक्षा-सहायता बाबत महिला व बाल अपराध के बारे में प्रशिक्षित किया। शासन के जारी अभियान में विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट् बांटे। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को बताया कि उनके साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि उत्पीड़न को रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच बाबत जानकारी दी। अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं, समझ नहीं पाते। इस बाबत खुलकर बतायें, घर पर छोटे भाई/बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के बारे में बतायें।

## जिले में लोग नमो एप से जुडेंगे: लवकुश

### होगी डिजिटल वाल पेन्टिंग

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश व क्षेत्र नेतृत्व के निर्देश पर जिले में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम नमो ऐप अभियान के जिला संयोजक/जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी व सह संयोजक जिला मीडिया प्रभारी भागवत प्रसाद त्रिपाठी, जिला मंत्री श्रीमती राजेश्वरी द्विवेदी को बनाया है।

गुरुवार को जिलाध्यक्ष ने



भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी।


बताया कि जो जिले के ज्यादा से ज्यादा लोगो को मोबाइल मे नमो ऐप डाउनलोड करवाकर जोडने का काम करेंगे। जिले की दोनो विधानसभा कर्वी-मानिकपुर में डिजिटल वालपेन्टिग के जिला संयोजक पूर्व महामंत्री तीरथ तिवारी, कर्वी विधानसभा संयोजक/जिला मीडिया प्रभारी भागवत प्रसाद त्रिपाठी, मानिकपुर विधानसभा के संयोजक कार्यालय प्रभारी संतोष मिश्रा को बनाया गया है। ये अपनी-अपनी विधानसभा के प्रत्येक मंडल के प्रमुख स्थानों पर डिजिटल वाल पेन्टिग करवायेंगे। ये जानकारी जिला मीडिया प्रभारी भागवत प्रसाद त्रिपाठी ने दी।

# ध्वंशावशेष बताते हैं आज भी मराठाओं के किस्से

## बिकने वालों के हाथों में आते हैं कलम, दलाली करने वाले क्या जानें पत्रकारिता

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** हादसे अब तो बहुत तेज कदम आते हैं, कौन जलते हुए माहौल की तवारीख लिखते हैं, यहां तो सिर्फ बिकने वालों के हाथों में कलम आते हैं- ऐसा ही कुछ माहौल बीते दिनों मराठा कालीन इमारत को ढहाने के मामले में देखा गया। जिनका जन्म ही दलाली-जालसाजी -मुंह में राम, बगल में छूरी रही हो, उनसे पत्रकारिता की परिभाषा पूंछना ही बेकार है। पत्रकारिता तो आम जनता के लिए कुर्बान हो जाने को कहते हैं- यहां तो पांच सौ- हजार रुपये में कुछ लोग



मराठा इमारत के ध्वंशावशेष।

जमीर बेंच देते हैं।

ऐतिहासिक धरोहर मराठा कालीन इमारत के साथ जिस बेदर्दी से बुल्डोजर चलाया गया है, वह बेहद निन्दनीय है। मराठा कालीन इस इमारत को पहले जैसा बनाने में कई जन्म ढहाने वालों के बीत जायेंगे, फिर भी वह स्वरुप नहीं आयेगा। इस इमारत की बाबत तहसील कर्वी के अभिलेखागार में 1359 फसली के गाटा संख्या 610-611 में थाना, बाडा, तहसील दर्ज है। इसी प्रकार 1314 फसली में भी 610-611 का गाटा संख्या 560 दर्ज है, खाता 192 दर्ज है।

ये सब आंकडे बताते हैं कि मराठा कालीन इमारत एक धरोहर थी। उसे कुछ लोग बेशर्मी से जीर्ण-शीर्ण करार देते हैं। उन फर्जी लोगों से पूंछा जाये कि तुम्हारे पुरखों ने कभी ऐसी इमारत बनाने का भी ख्वाब तक नहीं देखा। जब कुछ मराठा कालीन इमारत के बारे में जानते तक नहीं हैं, तो लिखने की जुर्रत क्यों उठाते हो। इस इमारत में नगर पालिका आज शहर का कूडा-कचरा फेंकवा रहा है, ये और भी शर्म की बात है कि जहां कभी आजादी के दीवानों ने अपना बलिदान किया था, उस जगह को कचरा घर बना दिया है। एक ओर योगी-मोदी ऐतिहासिक धरोहरों व विरासतों को संरक्षित करने को मेरी माटी-मेरा देश का कार्यक्रम चला रहे हैं, दूसरी ओर इमारत को कचरा घर में तब्दील करने वालों पर क्या कानूनी कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। इस नजूल भूमि पर बनी इमारत को ढहाने की शासन से किसी ने आज तक मंजूरी लेने की भी जरूरत नहीं समझी। फिलहाल जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की ये दरियादिली है कि उन्होंने इमारत को ढहाने का काम रोक दिया है। इसकी लोग भूरि-भूरि सराहना कर रहे हैं। इमारत के कुछ ध्वंशावशेष हैं, जो इसकी महानता की गाथा गाने को पर्याप्त हैं।

## पोप फ्रांसिस ने कहा, वेटिकन की जगह मुझे रोम बेसिलिका में दफनाया जाए

**रोम।** पोप फ्रांसिस ने अपने मरने के बाद सेंट मैरी मेजर के रोम बेसिलिका में दफन होने की इच्छा जताई है ताकि इससे वह अपनी पसंदीदा मडोना के पास रह सकेंगे। हालांकि इससे पहले के सभी अन्य पोपों को वेटिकन की गुफाओं में दफनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद उन्होंने इस वर्ष पद से त्यागपत्र देने के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष उनकी बेल्जियम की यात्रा पक्की है। वह पोलीनेशिया और मूल देश अर्जेंटीना की यात्रा करने पर भी विचार कर रहे हैं। गत रविवार को पोप फ्रांसिस 87 वर्ष के हो गए। अभी हाल ही में स्वस्थ होने के बाद पहली बार दिए साक्षात्कार में पोप फ्रांसिस ने कहा कि यह सच है कि अब सभी यात्राओं पर पुनर्विचार किया जाता है। यदि वे निकट हों, तो उन्हें किया जा सकता है। यदि वे अधिक दूर हैं तो उन पर पुनर्विचार किया जाता है। सीमाएं है। पोप ने कहा कि वह अब ठीक हैं और अच्छा महसूस कर रहे हैं। इस दौरान पोप फ्रांसिस ने इस्तीफे की संभावना की पुष्टि की और कहा कि वह किसी भी संभावना के लिए तैयार हैं।



## हूती विद्रोहियों के हमले में बाल बाल बचा भारतीय मालवाहक जहाज

**दुबई।** भारतीय मालवाहक जहाज हूती विद्रोहियों के हमले में बाल बाल बच गया। यह हमला हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले यमन वाले इलाके बॉब अल मंडेब स्ट्रेट से निशाना बनाकर जेट ईंधन से भरा वाणिज्यिक टैंकर ले जा रहे भारतीय मालवाहक जहाज पर दो मिसाइलें दागी थीं। यह पहला मामला है, जब ईंधन ले जाने वाले किसी जहाज को निशाना बनाने की कोशिश की गई। इसे लेकर हूती की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। बता दें कि भारतीय मालवाहक जहाज कर्नाटक के मेंगलुरु से रवाना हुआ था। यह लाल सागर में उत्तर की ओर से स्वेज कैनाल की ओर बढ़ रहा था। जहाज पर हथियारबंद सुरक्षा कर्मी तैनात थे। निजी खुफिया फर्म एमब्रे का कहना है, उस पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने छोटे बोट पर हथियारों से लैस लोगों को जहाज पर चढ़ने से रोकने के लिए फायरिंग भी की। आर्डमोर शिपिंग कारपोरेशन का कहना है कि कोई भी जहाज पर चढ़ने में कामयाब नहीं हो पाया। सभी क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। जहाज में भी किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आई है। दूसरी ओर अपनी ओर आ रहे संदिग्ध हूती ड्रोन को अमेरिकी युद्धपोत ने मार गिराया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने पहले ओमान के तट पर एक अलग घटना की सूचना दी थी। इसमें कहा गया कि मशीनगनों से तैनात भूरे रंग की वर्दी पहने हुए लोगों ने छोटी नांवों की मदद से जहाज का पीछा किया।

## श्रीलंकाई नौसेना ने छह भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया; एक सप्ताह के अंदर ऐसी दूसरी घटना

**कोलंबो।** तमिलनाडु के कम से कम छह भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने श्रीलंका में कांकेसंथुराई क्षेत्र के पास उनके ट्रॉलर सहित हिरासत में ले लिया। पकड़े गए सभी मछुआरे अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। श्रीलंकाई नौसेना के अनुसार, मछुआरे कथित तौर पर अवैध शिकार में शामिल थे जिसके चलते उन्हें एक विशेष अभियान के बाद कारीनगर में कोविलन लाइटहाउस से हिरासत में लिया गया था।

स्थानीय मछुआरों की आजीविका और देश के समुद्री संसाधनों पर इन प्रथाओं के परिणामों को ध्यान में रखते हुए, नौसेना विदेशी मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों द्वारा अवैध मछली पकड़ने की प्रथाओं को रोकने के लिए श्रीलंकाई जल में नियमित गश्त और अभियान चलाती रहती है। छह मछुआरे तमिलनाडु के पुदुक्कोट्टई जिले के थे। छह में से पांच मछुआरों की पहचान कर ली गई है, जिनमें नरेश (27), आनंदबाबू (25), अजय (24), नंदकुमार (28) और अजित (26) हैं, वहीं छठे शख्स की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

नौसेना ने कहा कि हिरासत में लिए गए मछुआरों को कंकासंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। गौरतलब है कि यह प्रकरण इसी तरह की एक अन्य घटना के तुरंत बाद आया है, जहां 25 मछुआरों को तमिलनाडु के 12 और पुडुचेरी के 13 को श्रीलंका के प्वाइंट पेड्रो शहर के पास श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिया गया था।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के समर्थन में 221 और इसके खिलाफ 212 मत मिले। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने बेटे हंटर बाइडेन के विवादास्पद अंतरराष्ट्रीय सौदों के बचाव को लेकर घिरे हैं। प्रस्ताव के जरिये राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने को मंजूरी दी गई। हालांकि राष्ट्रपति बाइडेन ने इसे राजनीतिक हथकंडा बताया है। यह पूरा मामला अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के व्यापारिक सौदों से जुड़ा हुआ है। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य हंटर बाइडेन के व्यापारिक सौदे की जांच कर रहे हैं। इस मामले में उन्हें पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था। हंटर बाइडेन ने बंद कमरे की बजाय सार्वजनिक रूप से गवाही देने की बात कही। उन्होंने बंद कमरे में किसी भी तरह का ब्यौरा देने से मना कर दिया। अमेरिका के



राष्ट्रपति जो बाइडेन ने महाभियोग प्रस्ताव को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए इसे राजनीतिक हथकंडा करार दिया है। उन्होंने इसे आधारहीन बताते हुए कहा कि अमेरिकी जनता चाहती है कि उसका नेता देश-दुनिया की जरूरी चीजों पर कदम उठाए। हालांकि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से अभीतक राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ कोई मजबूत तथ्य पेश नहीं किया गया है। महाभियोग से कोई लाभ नहीं होगा क्योंकि उच्च सदन सीनेट में यह प्रस्ताव गिर जाएगा। वहां डेमोक्रेट्स पार्टी की संख्या अधिक है।

## नेतन्याहू ने कहा, अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद इजराइल की लड़ाई जारी रहेगी

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद हमास के खिलाफ इजराइल की लड़ाई को कोई नहीं रोक सकता। इजराइल इस लड़ाई को अंत तक जारी रखेगा और इसे रोकने का कोई सवाल नहीं है।

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी वीडियो संदेश में अपना रुख साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि क्अपने सैनिकों को खोने की भारी पीड़ा और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद हम आखिर तक और जीत तक लड़ेंगे।

इससे पहले इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने कहा कि वैश्विक दबाव के बावजूद हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध जारी रहेगा। क्अभी युद्धविराम आतंकी संगठन के लिए उपहार जैसा होगा और युद्ध रुका तो हमास एकबार फिर मजबूत होकर खड़ा हो जाएगा।



इजराइल के प्रधानमंत्री का बयान तब सामने आया है जब मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी प्रधानमंत्री जो बाइडेन ने कहा था कि गजा पर अंधाधुंध बमबारी करके इजराइल दुनियाभर का समर्थन खो रहा है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका इजराइल के साथ है। अमेरिका के अलावा भी यूरोपीय संघ, यूरोप और दुनिया का अधिकांश हिस्सा इजराइल के साथ है लेकिन अंधाधुंध बमबारी से वह वैश्विक समर्थन खो रहा है।

## 100 किलो विस्फोटक से पाकिस्तानी सैनिकों पर हुआ था हमला

**पेशावर।** पाकिस्तान में सैनिकों पर हुए हमले में 100 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के एसपी आसिफ महमूद ने यह जानकारी दी है। इस हमले में 23 सैनिक मारे गए थे, जबकि 30 घायल हुए थे। वहीं इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने 2 मिनट का वीडियो जारी किया है। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर हाजी गुलाम अली और कार्यवाहक मुख्यमंत्री अरशद हुसैन ने जिले का दौरा कर कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।

तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) से जुड़े छह आतंकवादियों ने मंगलवार को खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान के डेरा इस्माइल खान में सुरक्षा चौकी में विस्फोटक से भरे ट्रक से हमला बोल दिया था।



इससे इमारत ढह गई थी, जिसके कारण कई सैनिक हताहत हुए थे। सेना की ओर से कहा गया कि सभी आतंकवादी मारे गए। अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। टीजेपी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दो मिनट का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें आतंकवादियों को थर्मल स्कोप से सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाते दिखाया गया था। हालांकि, सुरक्षा अधिकारियों ने दावा किया कि वीडियो प्रामाणिक नहीं है। वहीं, पाकिस्तान ने आतंकवादी संगठनों के खिलाफ अफगान सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

काबुल में अंतरिम अफगान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने कहा कि वह हमले की जांच करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हुए हमले से स्तब्ध हैं। हालांकि, मुजाहिद ने यह भी कहा कि हर मुद्दे के लिए अफगानिस्तान को दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए और पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

## पुतिन के पसंदीदा अखबार की उप-संपादक की संदिग्ध तरीके से मौत, एक साल पहले संपादक का हुआ था निधन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पसंदीदा अखबार की उप-संपादक एना सारेवा की संदिग्ध तरीके से मौत हो गई। पुतिन समर्थक अखबार कोमसोमोलेस्केया प्राव्दा की उप-संपादक 35 वर्षीय एना सारेवा की मौत मॉस्को में उनके अपार्टमेंट में ही हुई। सोशल मीडिया पर दावा किया गया था कि एना की मौत से ठीक एक साल पहले अखबार के संपादक की मौत भी संदिग्ध तरीके से ही हुई थी।

**हृदय गति रुकने की वजह से हुई मौत**

एना के पिता ने बताया कि कुछ दिनों से संपर्क नहीं होने के कारण वह उनसे मिलने पहुंचे। घर पर पहुंचने के बाद उन्हें एना का शव मिला। उन्होंने बताया कि अपार्टमेंट में तोड़फोड़ के निशान नहीं थे और न ही हिंसक मौत का कोई संकेत मिला। एना को



श्वसन संबंधी परेशानी हो गई थी और पिछले कुछ दिनों से उसे बुखार भी था। अनुमान लगाया जा रहा है कि एना की मौत हृदय गति रुकने की वजह से हुई है। पिछले साल एना के बॉस और पुतिन समर्थक अखबार के महानिदेशक और प्रधान संपादक 68 वर्षीय व्लादिमीर सुंगोर्किन की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुआ था। वह खाबरोवस्क में व्यापारिक दौरे पर थे, जब उन्हें दिल का दौड़ा पड़ा था। हालांकि, बाद में रिपोर्ट में डॉक्टरों ने इसे संदिग्ध मौत बताते हुए खुलासा किया कि उनकी मौत दम घुटने की वजह से हुई थी।बता दें कि एना सारेवा को इस साल कंटेंट का इन-चार्ज बनाया गया था। कोमसोमोलेस्केया प्राव्दा वेबसाइट रूस का सबसे बड़ा न्यूज वेबसाइट है, जिसके 83.9 मिलियन से भी अधिक पाठक है।

## 'युद्ध के बाद हमारे बिना गाजा के लिए कोई भी योजना बनाना गलतफहमी होगी', इस्राइल को हमास प्रमुख की चेतावनी

**काठमांडू।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट रूप से आतंकवाद का समर्थन करने और इसके लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने वालों को गाजा में घुसने की अनुमति नहीं देने का बयान जारी किया था। उनके इस बयान के एक दिन बाद हमास प्रमुख इस्माइल हनिये ने फलस्तीनी संगठन को शामिल किए बिना युद्ध के बाद गाजा के लिए बनाए गए योजनाओं को भ्रम बताया है।

हमास प्रमुख इस्माइल हनिये ने कहा, गाजा या फलस्तीन में हमास के बिना कोई भी योजना बनाना गलतफहमी होगी। उसने कहा कि वह युद्ध को समाप्त करने और गाजा और वेस्ट बैंक में फलस्तीनी घरों को बसाने पर बात करने के लिए तैयार है। हनिये ने बताया कि हमास बातचीत के लिए तैयार है, क्योंकि यह (बातचीत) ऐसे राजनीतिक रास्ते पर ले



जा सकती है, जहां फलस्तीनी लोगों को स्वतंत्र राज्य और यरूशलम को अपनी राजधानी बनाने का अधिकार मिल सकता है।

हमास के खिलाफ इस्राइल की तरफ से जारी जंग में इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट रूप से कह दिया कि अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिले या नहीं वे हमास के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए संकल्पित हैं।बता दें कि सात अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर हवाई हमले किए थे, जिसमें 1200 इस्राइली नागरिकों की मौत हुई थी। इस हवाई हमले का इस्राइली सुरक्षा बलों ने पलटवार किया। उन्होंने गाजा पर हमला करते हुए इसे मलवे में तबदील कर दिया। इस हमले में गाजा के स्कूलों और अस्पतालों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस्राइल-हमास के इस युद्ध में अबतक सैनिकों समेत करीबन 20 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में अधिकांश बच्चे और महिलाएं शामिल हैं।

## चीन की कोयला खदान में सफाई दौरान हादसा, 3 लोगों की मौत

**बीजिंग।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में दुर्घटना होने से तीन लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। सरकारी प्रसारक के मुताबिक, जब यह हादसा हुआ, उस वक्त चार लोग कोयला भंडारण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बंकर की सफाई कर रहे थे। यह स्पष्ट नहीं है कि दुर्घटना की वजह क्या है। रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई तथा बचावकर्मी एक व्यक्ति को बचाने में सफल रहे। यह दुर्घटना प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र शांक्सी स्थित हुआजिन कोकिंग कोल कंपनी में हुई। चीन बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं से निपटने के लिए खदान की सुरक्षा में सुधार के लिए काम कर रहा है।

## WHO का बड़ा आरोप, मरीजों-स्वास्थ्यकर्मियों से पूछताछ में देरी कर उनकी जान जोखिम में डाल रहा इस्राइल

**यरूथलम।** इस्राइल पर सात अक्तूबर को हुए हमास के आतंकी हमले के बाद से युद्ध लगातार जारी है। दो महीने से अधिक समय से जारी हिंसक

टेडरोस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'हमें अल-अहली अस्पताल के गाजा में शनिवार को डब्ल्यूएचओ के



मिशन के बारे में जानकारी मिली। लंबे समय तक जांच और स्वास्थ्य कर्मियों को हिरासत में रखा गया। इसे लेकर हम बहुत चिंतित हैं। ऐसी हरकतें मरीजों के जीवन को खतरे में डाल देती है।यह है मामला उन्होंने आरोप लगाया कि अभियान को वादी गाजा चौकी पर दो बार रोका गया, जबकि उत्तरी गाजा के रास्ते में और वापसी के दौरान फलस्तीन रेड क्राइसेंट सोसाइटी के कुछ कर्मचारियों को भी हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि जैसे ही कर्मचारियों ने गाजा सिटी में प्रवेश किया तो चिकित्सा आपूर्ति ले जा रहा सहायता ट्रक और एक एंबुलेंस गोलियों की चपेट में आ गई।

**देखभाल मिलना गाजा के लोगों का अधिकार**

गेब्रेयेसस ने आगे कहा कि इतना ही नहीं कई मरीजों और रेड क्राइसेंट के कर्मचारियों को एंबुलेंस से बाहर उतारा और कई घंटों तक इनसे पूछताछ की गई। इतने समय तक रोकने की वजह से एक मरीज की रास्ते में ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि गाजा के लोगों को देखभाल मिलना उनका अधिकार है। स्वास्थ्य प्रणाली की रक्षा की जानी चाहिए। यहां तक कि युद्ध में भी।

**पहले पहुंचा चुके हैं मदद**

इससे पहले, डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने बताया था कि डब्ल्यूएचओ और उसके सहयोगी जहां गोलाबारी हो रही है उसके आसपास के क्षेत्र में पहुंच गए हैं। साथ ही, अल-अहली अस्पताल में आवश्यक आघात और सर्जिकल आपूर्ति पहुंचाने में कामयाब रहे।

**सात अक्तूबर को हमास ने किया था हमला**

बता दें, इस्राइल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई है। सात अक्तूबर से लेकर अब तक छह हजार से अधिक लोगों की इस संघर्ष में मौत हो चुकी है। वहीं, हमास के बाद इस्राइली सेना भी कार्रवाई करते हुए बिना रुके हमले कर रही है। अभी तक गाजा पट्टी में 5000 और इस्राइल में 1400 लोगों की जान जा चुकी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसा', ग्लोबल साउथ थिंक टैंक में बोले UNGA अध्यक्ष

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने विश्व निकाय के सदस्यों से बातचीत के जरिए सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध को दूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। इसका उद्देश्य वैश्विक उत्तर देशों की प्रधानता को पूरा करना है।

उन्होंने परिषद में निर्णय लेने में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व और समान भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। साथ ही इस पर भी जोर डाला कि सुधार हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। फ्रांसिस ने कहा, 'महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में मेरा मानना है कि हमें एक ऐसी परिषद की आवश्यकता है जो अधिक संतुलित, अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, अधिक उत्तरदायी, अधिक लोकतांत्रिक और अधिक पारदर्शी हो।' सुरक्षा परिषद रिफॉर्म पर ग्लोबल साउथ थिंक टैंक के एक सम्मेलन में उन्होंने कहा कि दुनिया भर में जंग



छिड़ती दिख रही है। ऐसे में सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। ऐसा माना जाता है कि परिषद अपने मकसद को पूरा नहीं कर रही है। परिणामस्वरूप, पूरे संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता खतरे में है। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि सुधार लाने के लिए सदस्य देशों को बातचीत से मुद्दे का समाधान ढूंढना होगा।

**परिषद को लोकतंत्रीकरण करना चाहिए**

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने परिषद की वर्तमान संरचना को कालभ्रमित बताया जो पिछले दशकों में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आए बदलावों के अनुकूल ढलने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता में ग्लोबल नॉर्थ के देशों की प्रधानता है, इसे बदलना होगा। परिषद को न केवल विस्तार करना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करते हुए लोकतंत्रीकरण भी करना चाहिए कि गैर-स्थायी सदस्यों की भी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका हो।

**ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत**

ऑस्ट्रिया के स्थायी प्रतिनिधि अलेक्जेंडर मार्शचिक, जो परिषद सुधारों के लिए अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) के सह-अध्यक्ष हैं, ने कहा कि इस विचार को लेकर काफी समानता है कि सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत है।

सम्मेलन का संचालन करने वाले ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष समीर सरन ने कहा कि सुधारों पर विचार करते समय, हमें इस बात पर पुनर्विचार करना चाहिए कि महासभा को किस तरह से प्रयास करना चाहिए और परिषद की विकृतियों को सुधारने की क्षमता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में महासभा की भूमिका परिषद के अधीन है, यह एक विसंगति है। उन्होंने कहा, शायद यह ऐसा समय है जब हमें उस नए प्रारूप और उस नए ढांचे को खोजने के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए जो काम करता है।